is expected to return this morning and will be submitting its report shortly.

In the letter received from the Chief Miniser of Uttar Pradesh this morning, he has once again assured that all necessary will be taken by the State Government for the protection of the structure. He has also indicated several further steps being taken by the State Government far the protection of the structure in porsu-ance of my discussion with him a couple of days ago. These include inueasing the number and coverage of CC 'IV cameras, strengthening of the barricading in front of the entrance to the Ram Janma. Baoomi and making it permanent, deploy-ment of police on the roofs of nearby houses, and presence of senior police officers on the site.

As I mentioned earlier, we had made an offer to the Government of Uttar Pradesh of 5 additional coys of Central para_ military forces for being deployed at Ayodhya. The Chief Minister of Uttar Pradesh has, however, indicated in his letter that recently the force in Ayodhya has been augmented by development tf 3 coys of U.P PAC {and 175 police personnel. In the light of this, the State Government does not find it necessary to accept any additional para-military forces for purposes of deployment in Ayodhya.

In view of the pending proceeding on the Supreme Court, I have tried to use all persuasive reasoning with the Chief Minister of Uttar Pradesh to have the construction at RJR-RM complex suspended pending final decision on these petitions. The Government will pursue these accept any additional para-military forces on the situation.

SHORT DURATION DISCUSSION ON THE STATEMENT REG. DEVELOP-MENTS AT AYODHYA

उपसभापति : सुन्दर सिंह भंडारी जी ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : उपसभापति महोदया गृह मंत्री महोदय ने . . .

उपसभापति : आपकी पार्टी का समय 19मिनट है । 19मिनट में आप एक बोलें या दो बोलें यह आपकी मर्जी है ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : उपसभापति महोदया, गृह मंत्री महोदय ने फैजाबाद और अयोध्या में जो परिस्थितियां हैं राम जन्म भूमि स्थान पर मन्दिर निर्माण के प्रश्न को ले कर, जहां वे स्वयं गये थे वहां जो कुछ हो रहा है उसको देख कर आए हैं, उसके बारे में एक वक्तव्य दिया है, मैं समझता हूं कि अगर इस वक्तव्य में स्पष्ट रूप से सदन को भी उल्लेख किया होता कि जो ढांचा है वह सुरक्षित है उसे किसी प्रकार का नुक्सान नहीं हुआ और जो निर्माण का काम चल रहा है, जिसका चित्र अखबारों में छपा है उससे ऐसा साफ लगता है कि ढांचा एक तरफ खड़ा है और निर्माणकर्ता एक प्रकार से ढांचे की तरफ पीठ किए हुए दूसरी तरफ कार सेवा का काम कर रहे हैं, अर्थात् न तो निर्माण कार्य उस ढांचे की दिशा में हो रहा है न उधर की तरफ बढ़ने का कोई अंदेशा है ।

कल लखनऊ में हाईकोर्ट ने इस बात का भी निर्णय दिया है कि जो कुछ खुदाई हुई है जिसके बारे में यह आशंका व्यक्त की गयी थी कि इस खुदाई से वह ढांचा कमजोर पड़ जाएगा, उस संबंध में न्यायालय का यह स्पष्ट मत रहा है कि उससे उस ढांचे को कोई खतरा नहीं है और इसलिए उन्होंने इस काम में जो अभी वहां चल रहा है उसमें किसी प्रकार की रोक लगाना वाजिब नहीं समझा । मैं यह स्वीकार करता हूं कि सुप्रीम कोर्ट में भी इस संबंध में मुकदमा दायर है और एक दिन के बाद उस पर सुनवाई होने वाली है । उत्तर प्रदेश सरकार का यह दावा है कि उन्होंने न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन नहीं किया है । अब यह तय करना कि उल्लंघन हुआ है या नहीं, मेरा इस सदन को नम्र निवेदन है कि यह राजनैतिक मुद्दा नहीं है, यह कानूनी मुद्दा है और अगर अदालत को इस बात का फैसला लेना है कि जो कुछ वहां कर रहे हैं उससे न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन नहीं हुआ, तो मैं इस माननीय सदन को यह निवेदन करना चाहूंगा कि फिर हमें उस दायरे में न्यायालय की राय को मान्य करना चाहिए और अपना विवाद उस संबंध है जो भी खड़ा करना चाहते है उसके लिए फिर गुंजाइश पैदा नहीं होती . . .

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : आप मानेंगे उस राय को. . . (व्यवधान)

श्री सुन्दर सिंह भंडारी अभी धैर्य रखिए उतावला होने की जरूरत नहीं है।

(व्यवधान)

SHRI S.K.T. RAMACHANDRAN (Tamilnadu); Madam, what is the clarification being sought by the hon. Member? *(Interruptions)*

विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त) : सदर साहिबा, यह तय नहीं हुआ था कि इस किस्म का सिलसिला होगा। रेखा मोशी से बात सुनें।

†نیتا ورودھی دل شری سکندر بخت: صدر صاحبہ۔ یہ طے نہیں ہوا تھا کہ اس قسم کا سلسلہ ہوگا۔ خاموشی سے بات سنیں۔

उपसभापति : मैं वही कह रही हूं। आपकी ही बात कहने से पहले आप मुझ पर नाराज हो रहे हैं Mr. Ramchandran, we had decided that at is going to be in the form of a short duration discussion and not clarifications.

और दूसरी बात यह है कि पार्टी का अपना टाईम नियुक्त है। आपको समय मिलेगा। आप अपने समय पर जरूर बोलिए और उनकी बात शांति के साथ सुनिए। जब आप बोलेंगे तो मैं उनसे भी यह आग्रह करूंगी कि वे शांति से सुनें।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : यह समय मेरे में न गिना जाए। मैं आपसे न्याय की अपेक्षा करता हूं।

उपसभापति : नहीं गिना जाएगा। आप फिक्र मत कीजिए।

श्री शांति त्यागी (उत्तर प्रदेश): आपने आडवाणी जी का वक्तव्य पढ़ लिया है... **(व्यवधान)**

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

उपसभापति : आप बोल लीजिएगा जवाब दे दीजिएगा।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : इतना पढ़ना होता तो यहां क्यों आता... **(व्यवधान)** : इस पढ़ाई के लिए आप ज्यादा जोर मत लगाइये। न मैं आपको पढ़ाने वाला हूं न आप मुझे पढ़ा सकते हैं। यह खातिर जमा रखिए। यह पढ़ाने की जगह नहीं अपनी बात कहने की जगह है।

उपसभापति : शांति के साथ सुन्दर सिंह भंडारी जी की बात को सुनें।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ सीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : मैडम, हमारे सदन की यह मर्यादा रही है कि जब कोई नया मेम्बर मेडन स्पीच देता है तो हम कभी उस पर रोक टोक नहीं करते। कम से कम इस हवाले से मैं कहता हूं कि उन पर रोक टोक न की जाए, पूरी तरह सुना जाए।

شری محمد افضل عرف م۔ افضل اتر پردیش میڈم ہمارے سدن کی یہ مریادا رہی ہے کہ جب کوئی نیا ممبر میڈن اسپیچ دیتا ہے تو ہم کبھی اس پر روک ٹوک نہیں کرتے کم سے کم اس حوالے سے میں کہتا ہوں کہ ان پر روک ٹوک نہ کی جائے۔ پوری طرح سنا جائے۔

श्री सिकन्दर बख्त : ये दिक्कत पैदा कर रहे हैं। अजीब तमाशा है... **(व्यवधान)** लीडर साहब, आप अपने वक्त पर वापस नहीं जा सकेंगे। रोकिए उन्हें। खड़े हैं।

(व्यवधान)

شری سکندر بخت: یہ دقت پیدا کر رہے ہیں عجیب تماشہ ہے... مداخلت۔ لیڈر صاحب آپ اپنے وقت پر واپس نہیں جا سکیں گے۔ روکئے انہیں کھڑے ہیں۔

मौलाना आबेदुल्ला खान आजमी : (उत्तर प्रदेश) : मैडम, आप यह तय करा दीजिए कि कोई किसी को नहीं टोकेगा जब कि... **(व्यवधान)**

مولانا عبید اللہ خاں اعظمی: میڈم آپ یہ طے کرا دیجئے کہ کوئی کسی کو نہیں ٹوکے گا جبکہ..... "مداخلت" ...

श्री शांति त्यागी : महोदय, मैं यह... **(व्यवधान)**

उपसभापति : शांति त्यागी जी, अभी नहीं। ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : अजब तमाशा है। ... **(व्यवधान)**

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : उपसभापति जी, ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : एक सैकंड। मैं दुबारा अपने मेम्बरों से आग्रह करूंगी कि यह मसला बहुत गंभीर है। कल हाउस में हम लोगों ने क्वश्चन आवर नहीं किया, एजर्न किया। इससे पहले भी ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सबस्य : वह अभी भी खड़े हुए है।

उपसभापति : खड़े है तो वह भी जरा बैठ जाए। आपका नाम ही शांति है।

एक माननीय सदस्य : त्यागी है।

उपसभापति : मैं यह आग्रह करूंगी कि इस मसले की गंभीरता को सामने रखते हुए अगर एक दूसरे की बात सुनें, तो हो सकता है कि कुछ बात समझ में भी आए, कोई हल भी निकले। कृपया इनकी बात भी सुनिये, और आप सबों से आग्रह है कि सब एक-दूसरे की बात ध्यान से सुनें।

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहिबा, उसके अलावा मैं यह भी अर्ज करूंगा कि... **(व्यवधान)**

شری سکندر بخت: صدر صاحبہ، اس کے علاوہ میں یہ بھی عرض کروں گا کہ... مداخلت

उपसभापति : आपसे भी यह अर्ज है कि... **(व्यवधान)**

श्री सिकन्दर बख्त : मेरी गुजारिश आप सुन लें। उसके अलावा भी मैं यह अर्ज करूंगा कि होम मिनिस्टर साहब को एक पर्टिकुलर समय के बाद इस हाउस से चले जाना है और इस डिसकशन को अगर उस समय के अदर खत्म होना है, तो उसको रेगुलेटिड रखना पड़ेगा।

شری سکندر بخت: میری گزارش آپ سن لیں۔ اس کے علاوہ بھی میں یہ عرض کروں گا کہ ہوم منسٹر صاحب کو ایک پرٹی کلر سمے کے بعد اس ہاؤس سے چلے جانا ہے اور اس ڈسکشن کو اگر اس سمے کے اندر ختم ہونا ہے۔ تو اس کو ریگولیٹڈ رکھنا پڑے گا۔

उपसभापति : मैं वहीं कर रही हूं, और क्या कर रही हूं यहां बैठ कर।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : उपसभापतिजी, यह जन्म स्थान पर मंदिर का सवाल अब कुछ अरसे से चल रहा है। पहले, कुछ सालों के पहले, जब कांग्रेस की सरकार उत्तर प्रदेश में थी, तब भी रामकथा पार्क के लिए 42.09 एकड़ एक्वायर किया गया था--रामकथा पार्क बनाने के लिए और उस संबंध में एक्विजीशन पर न कोई आपत्ति हुई, न किसी तरह का विवाद खड़ा हुआ।

अब उत्तर प्रदेश की सरकार ने अक्तूबर, 1991 में 2.77 एकड़ और एक्वायर किया। इस बात की उन्होंने खास सावधानी बरती कि जो विवादास्पद ढांचा खड़ा हुआ है, उससे सारा एक्विजीशन अलग

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

रख कर किया गया । हमको अच्छी तरह से याद है कि इस मंदिर का शिलान्यास का कार्यक्रम हो चुका है और शिलान्यास के कार्यक्रम के समय केंद्र की कांग्रेस सरकार ने उस स्थान पर शिलान्यास करने की इजाजत दी थी । बाद में इस पर विवाद खड़े हुए । हो सकता है कि वह विवाद रहे हों । लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा 2.77 एकड़ एक्वायर कर लेने के बाद और अदालत के द्वारा एक्विजीशन अपहोल्ड होने के बाद वह विवाद समाप्त हो गये ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): वह तो पेंडिंग है ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : नवम्बर 15 को सुप्रीम कोर्ट ने एक्विजीशन को अपहोल्ड किया और इसलिए वह केवल . . . (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : वह इंटेरिम आर्डर है ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : एक्विजीशन के बारे में कोई अंतरिम नहीं है । उसके ऊपर पर्मानेन्ट स्ट्रक्चर खड़ा करना चाहिए कि नहीं, उस पर केवल रेस्ट्रिक्शन है और आज यही विवाद का विषय बना है जबकि जो कंस्ट्रक्शन वर्क उत्तर प्रदेश की सरकार उस एक्वायर्ड जमीन पर करवा रही है, वह पर्मानेन्ट कंस्ट्रक्शन की परिभाषा में आता है या नहीं आता है ।

अब यह तय करने का अधिकार माननीय सदस्य अपने हाथ में स्वीकार न करें, तो यह ज्यादा अच्छा होगा, उनके भी राजनीतिक जीवन की गरिमा बढ़ेगी अगर इसका फैसला वह अदालत पर छोड़ दें और अदालत को तय करने दें कि अभी तो काम हो रहा है, वह पर्मानेन्ट स्ट्रक्चर की परिभाषा में आता है कि नहीं आता है ।

उत्तर प्रदेश की सरकार ने नेशनल इंटेग्रेशन कौंसिल में भी यह आश्वासन दिया था कि वह---

All efforts will be made to find an amicable solution of the issue.

और एक दूसरा आश्वास दिया गया था -

"Pending a final solution, the Government of Uttar Pradesh will hold itself fully responsible for the protection of the Ram Janambhoomi-Babri Masjid structure. और मैं यह कह सकता हूं कि इन दोनों बातों के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार प्रयत्नशील रही है और अभी तक भी उन्होंने इस विवादास्पद ढांचे को सुरक्षित रखने का भरसक प्रयत्न किया है । कल गृह मंत्री जी वहां जाकर खुद देख कर आए । उन्होंने उसकी सुरक्षा के लिए कुछ और सुझाव उत्तर प्रदेश सरकार को दिए हैं और उत्तर प्रदेश सरकार ने उसके संदर्भ में, उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी कर दी है, मैं ऐसा मानता हूं जहां तक विवादास्पद ढांचे का सवाल है उसके संबंध में हमें निश्चिन्त होने की जरूरत है । उत्तर प्रदेश सरकार इसके लिए वचनबद्ध है कि वह उस ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचने देगी । एक्वायर्ड जमीन अब तक उत्तर प्रदेश सरकार की है । सही तरीके से उत्तर प्रदेश सरकार ने वह जमीन अपने अख्तियार में ली है और उसके लिए जिन लोगों को कंपेंसेशन देने की जरूरत थी, क्योंकि उस एक्वायर्ड जमीन में 0.36 एकड़ प्राइवेट प्रापर्टी है, 2.41 एकड़ नजूल लैंड है, जिस पर कुछ छोटे-मोटे कंस्ट्रक्शन थे । इस सब के लिए 7.03 एकड़ कंपेंसेशन वहां पर हुआ वह जमा करा चुके हैं और 1.69 एक्च्युली जिनकी जमीन एक्वायर हुई या एक्वीजीशन के कारण जिनको हर्जाना देने की जरूरत थी वह हर्जाना भी वह दे चुके हैं । शिलान्यास की जगह अब डिस्प्यूटेड नहीं है क्योंकि सरकार के एक्विजीशन के दायरे में वह आ गई है । इसलिए वहां पर जो कुछ काम चल रहा है वह किसी विवादास्पद भूमि पर नहीं है ।

महोदया, एक बात मैं यहां पर कहना चाहूंगा । साल भर पहले तक सारे देश में एक आवाज थी कि मंदिर बनाने का कौन विरोधी है, मंदिर बनाने

के लिए किसको आपत्ति है । मंदिर बने, कोशिश यही की जाए कि विवादास्पद ढांचा सुरक्षित रहे । अब जब सारे देश को, सभी दलों को यह बात तसल्ली से मालूम हो गई है कि विवादास्पद ढांचा सुरक्षित है तो अब आवाजें उठने लगी है निर्माण के काम पर । एकदम से करवट बदल दी गई है । अभी तक केवल ढांचे के बारे में आपत्तियां थीं, अब तो वहां अगर कंस्ट्रक्शन वर्क भी हो, अन-डिस्प्यूटेड एरिया पर हो, पर अयोध्या का नाम आना चाहिए तो फिर अयोध्या में कहीं सड़क बने,कहीं दीवार बने, किसी भी प्रकार का तामीर का काम हो तो एकदम से वावैला खड़ा होता है । यह देखिए वायदा-खिलाफी हो रही है । जो वचन दिया गया था उसको नहीं माना जा रहा है ।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B CHAVAN): I am very happy that you are proceeding on the right lines. Since you are saying so many things, the only point on which I would like to be satisfied is whether the construction, ultimately, is not going to cover the disputed structure. hTat is tie point on which you have to make your position dear.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : अल्टीमेटली जब होगा तब आप वहां रहेंगे या मैं रहूंगा, इसका कोई खातिर-जमा उत्तर नहीं दे सकता । .....(व्यवधान) उत्तर प्रदेश सरकार, भारतीय जनता पार्टी दोनों इस जमीन को जन्म-स्थान मानते हैं और इस जमीन पर मंदिर बनाने के लिए वचनबद्ध है । इसमें कहीं विवाद नहीं है, कहीं लुकी-छिपा नहीं है । .....(व्यवधान)

उपसभापति : बैठिए-बैठिए । ..... मौलाना साहब बैठिए । .... (व्यवधान)

मौलाना मोहम्मद सुलतान आजमी : ... आप इसको भी जन्म-स्थान मानते हैं, आप पार्लियामेंट को भी जन्म-स्थान मान लीजिए । ..... व्यवधान

उपसभापति : आजमी साहब, बैठिऐ । ....(व्यवधान) ...आजमी साहब, प्लीज बैठ जाइये । प्लीज, बैठ जाइये ... .आई वोट परमिट । .... (व्यवधान)

बैठिए, आजमी साहब आप बैठिए ।

Nothing will go.. .*(Interruptions)*, I will not permit I am not permitting it. 1 am not allowing it. *(intrrritptions).* I am unt allowing it; 1 am not *(Interruptions)* .

आप पीछे जाइए ।

Please go buck. Please go back. Please so back. *(Interruptions).*

आप जरा खामोश रहिए ....(व्यवधान) .. अच्छा आप जाइए तो ।

Please. Please. Please. Please. . . . *(Inter-*ruprions). Please go back. ... *(Interriip-Horn),* Please go back. Please go bflek.

एक मिनट, आप जाइए ।

1 will handle it. ... *(Interruptions).*

आप बैठिए ।

Please go. Please go *back.* Picast *go* back. Please go back..... *(Interruptions).*

जरा चुप हो जाइए ।

i will handle it... *{.Interruptions).*. . will manage it. Please sit down. .. . *(Interruptions).* I will take Dole of it. 1 have taken note of it. Please take your scat. Please lake your sear.

आप भी बैठिए । आप जरा खामोश रहिए ।

Let me handle it. I am still in the Chair. Please. Please sit down. *(Interruptions)* .

एक मिनट, एक मिनट ।

Please take you seat. . . *(Interruptions)* ■

बैठिए, आप का टाइम निकल रहा है ।

Will the Members listen to me? Please Mr Kaldate. please. *(Interruptions).* Will you please sit down?... *(Interruptions)*

बैठिए, बैठ जाइए । आप भी बैठ जाइए आजमी साहब ।

[उपसभापति]

Please sit down. ... *(Interruptions).* I will not permit. ... *(.Interruptions).*

मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : किसी की बपौती नहीं है हिन्दुस्तान, हिन्दुस्तान किसी के बाप का जागीर नहीं है, हिन्दुस्तान हिन्दुस्तानियों का है ... **(व्यवधान)**...

उपसभापति : बैठिए-बैठिए, प्लीज़ भंडारी जी, आप भी जरा बैठ जाइए। आप बैठ जाइए...ठहरिए, देखिए, एक मिनट; आप भी शांति से सुनिए । मैंने पहले ही आग्रह किया है कि मसला गंभीर है, एजीटेशन है अंदर भी और बाहर भी । इसलिए अगर शांति के साथ सुनेंगे तो ठीक है और हर मेम्बर को अपनी राय देने का हक है उसके टाइम पर, आप अगर...**(व्यवधान)**... एक मिनट ठहरिए, अफज़ल साहब, आप हाथ न उठाएं, एक सैकेंड, आपको भी हक है अपनी राय देने का, जब आप का समय आए तो अपनी राय दीजिएगा । आप एक मिनट ठहरिए, जब मैं खड़ी हूं तो आप खड़े न होइए।

When I am standing, you cannot ..... *(Interruptions).* Please, this is not the way I will not permit this kind of functioning of this House, please. Will you please keep quiet for a minute, please? I request Members to have patience.

भंडारी जी, आप जरा बैठिए । जो हमारे नए मेम्बर आए हैं, मैं उनको भी यह बताऊंगी कि हमारे हाउस की एक गरिमा है । हमारे हाउस में अगर किसी ने कोई ऐसी बात कही जो किसी को बुरी लगी, कभी भी हम अपनी स्तर से नीचे नहीं उतरते हैं । अगर आपको लगा कि भंडारी जी की किसी बात पर किसी दूसरे ने कुछ कहा तो मैं यहां बैठी हूं ...**(व्यवधान)**... आप कृपा खामोश रहिए, मेहरबानी कर सुन लीजिए । मैं खुद उनको समझा सकती हूं । अपने हाथ में आप अगर न्याय खुद ही लेंगे तो फिर यहां दूसरे के बैठने की जरूरत नहीं । भंडारी जी को अपना बोलने दीजिए, जिसका समय आएगा बोलेगा । इस तरह से लड़ाई-झगड़ा करने से न तो कोई बात सुनाई देगी, न बात का कोई जवाब होगा । अब मैं आप से निवेदन करती हूं कि सब लोग शांति से सुनें। बस ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, मैं एजीटेट नहीं कर रहा हूं, मैं सिर्फ एक दरख्वास्त कर रहा हूं, मैडम, एक दरख्वास्त कर रहा हूं हाथ जोड़कर कि.....
मैं सिर्फ जानना चाहता हूं कि जो कुछ आनरेबल मेम्बर ने कहा है हम लोगों के मुताबिक या किसी के मुतल्लिक, उसको रिकार्ड पर जाने दिया जाए, उसका निकाला न जाये । इसलिए चाहता हूं कि नेशन को भी पता चल कि कैसे लोगों को यह पार्लियामेंट में भेज रहे हैं । .. **(व्यवधान)**



SHRI S. JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): My request is that all unpar liamentary expressions be expunged from the record.

†['] Transliteration in Arabic Script.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Unparliamentary expressions. I am going to remove from the record,

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल वह अगर यह कहते हैं कि पाकिस्तान भेजा जाए तो यह अनपार्लियामेंट्री नहीं है ?

Let the nation know that these people want to send us to Pakistan.

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: وہ اگر یہ کہتے ہیں کہ پاکستان بھیجا جائے تو یہ ان پارلیمنٹری نہیں ہے۔

श्री एन० के० पी०साल्वे (महाराष्ट्र): माननीय सदस्य श्री भंडारी जी एक बड़ी परिपक्वता से, संयम से अपने विचार, अपनी दलीलें रख रहे हैं । हमारे मतभेद हों, यह बात और है । मगर वे अपने व्याख्यान में , अपने भाषण में एक मर्यादा रख कर चल रहे हैं । यह बिल्कुल ठीक कहा था एक माननीय सदस्य ने कि यह मेडन स्पीच है, हम लोग इसमें किसी तरह का इंटरप्शन न करें। इंटरप्शन होना भी नहीं चाहिए । हम लोग डिसएग्री कर सकते हैं मगर विचारों को एक इज्जत देनी चाहिए । मगर महोदय मेरी बहुत बड़ी आपत्ति इस बात पर है कि अगर किसी से गल्ती हो गयी, इंटरप्शन हो गया तो इसमें ऐसी बात नहीं की जाये कि–तुम तो राष्ट्रद्रोही हो ।..... **(व्यवधान)**

किसी को यह अधिकार नहीं है कहने का कि तुम पाकिस्तान जाओ । ..... **(व्यवधान)**

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहिब, मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर भंडारी जी की तकरीर में..... **(व्यवधान)**

†شری سکندر بخت: صدر صاحبہ، میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اگر بھنڈاری جی کی تقریر میں ... مداخلت ...

श्री एन० के० पी० साल्वे :उन्होंने अगर यह कहा है कि--पाकिस्तान जाओ, महोदय., मेरा निवेदन है कि उन्हें क्षमा मांगनी चाहिए । ..... **(व्यवधान)**

उपसभापति : देखिए ; सिकन्दर बख्त स.हब, जर. अ.प तशरीफ रखेंगे; एक मिनट, प्लीज । एजीटेशन होत. है दिमाग में । मैंने इसलिए कह. कि शायद किसी नय मेंबर ने ऐसी बात कही । देखिए .... **(व्यवधान)** सुनिए, मैं रिकार्ड देख लूंगी इतने हंगामे में कौन किसको क्या कहता है, कोई नहीं सुन पाता । मगर सवाल किसी के सुनने या नहीं सुनने का नहीं है । सवाल यह नहीं है कि मेरे मन में क्या है और अ.पके मन में क्य. है ? सवाल यह है कि सदन की कुछ मर्यादाएं हैं। आप कुछ भी सोचें, मगर इस सदन में इस तरह का किसी की बात कहना अच्छा नहीं लगता । अगर किसी मेंबर ने कहा है, मैंने नहीं सुना, रिकार्ड में देख लूंगी । अगर किसी ने इस बात की बात कही तो मैं उनसे यह निवेदन करूंगी कि वे ऐसे अलफाज न कहें और अगर कहें तो वापिस ले लें । ... **(व्यवधान)** ऐसा करना यह सदन की और उनकी अपनी गरिमा होगी ।.... **(व्यवधान)**

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहिबा, मुझे यह अर्ज करना है कि भंडारी जी की तकरीर में या मेरी पार्टी के किसी ... **(व्यवधान)**

شری سکندر بخت: صدر صاحبہ، مجھے یہ عرض کرنا ہے کہ بھنڈاری جی کی تقریر میں یا میری پارٹی کے کسی ... مداخلت ...

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

श्री सिकन्दर बख्त : मेरी गुजारिश तो सुनिए, सदर साहिबा, भंडारी जी की तकरीर में या मेरी पार्टी के किसी भी सदस्य ने कोई ऐसी बात कही है जो अनपार्लियामेंटरी है, अनपार्लियामेंटरी को भी जाने दीजिए। अगर यह शालीनता और तहज़ीब के दायरे से बाहर है तो मैं एक-एक शब्द वापिस लेता हूं। लेकिन यह दरख्वास्त करना चाहता हूं कि भंडारी जी के पहली दफा बोलने पर भी हम थोड़ी देर बर्दाश्त से काम नहीं ले सकते। भंडारी जी बहुत नरम लहजे में तकरीर कर रहे हैं। उस पर दूसरों का दखल देना क्या बहुत जरूरी है। ....(व्यवधान)

†شری سکندر بخت: میری گزارش تو سنیئے صدر صاحبہ۔ بھنڈاری جی کی تقریر میں یا میری پارٹی کے کسی بھی سدسیئے نے کوئی ایسی بات کہی ہے جو ان پارلیمنٹری ہے۔ ان پارلیمنٹری کو بھی جانے دیجئے۔ اگر وہ شرافت اور تہذیب کے دائرے سے باہر ہے تو میں ایک ایک شبد واپس لیتا ہوں۔ لیکن یہ درخواست کرنا چاہتا ہوں کہ بھنڈاری جی کے پہلی دفعہ بولنے پر بھی ہم تھوڑی دیر برداشت سے کام نہیں لے سکتے۔ بھنڈاری جی بہت نرم لہجے میں تقریر کر رہے ہیں۔ اس پر دوسروں کا دخل دینا کیا بہت ضروری ہے

उपसभापति : अबरार अहमद जी, आपका क्या है ?

डा० अबरार अहमद (राजस्थान) : महोदया, मैं यह बात कहना चाहता हूं कि वैसे तो सिकन्दर बख्त साहब ने वह शब्द वापिस लेने की बात कहीं है। लेकिन जिस दिन मुरली मनोहर जोशी जी यहां पर अपनी पहली स्पीच बोल रहे थे तो उन्होंने यहां पर.....(व्यवधान) उन्होंने बड़े गलत तरीके से कहा था कि वाइस चेयरमैन के पैनल में हों तो वे इंडिसिप्लिन करते हैं। जो उन्होंने शब्द कहे वह अपने कानों से सुने तो बर्दाश्त नहीं होगा। उनको खुद माफी मांगनी चाहिए...(व्यवधान) उन्होंने क्या कहा, आपको मालूम है ?.....(व्यवधान)

डा० मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, यह प्वाइंट आफ आर्डर है या प्वाइंट आफ डिसआर्डर है ?.....(व्यवधान) मैं जानना चाहता हूं कि यह प्वाइंट आफ आर्डर है ?...(व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is no point of order. Please take take seal,

डा० मुरली मनोहर जोशी :इस तरह की इजाजत नहीं दी जा सकती। प्वाइंट आफ आर्डर के नाम पर प्वाइंट आफ डिसआर्डर क्यों किया जा रहा है ?.....(व्यवधान)

उपसभापति : अबरार अहमद साहब, छोड़िए, माफी मांग ली ....(व्यवधान)

डा० अबरार अहमद : जो सदस्य यह कह सकता है, वह खुद क्यों नहीं माफी मांगते ?....(व्यवधान)

उपसभापति : देखिए प्लीज, व्यवधान, इसमें होता है इंसान का कि अगर किसी ने माफी मांग ली तो जानते हुए भी कि आपका दिल दुखा है, ठीक है मान लीजिए बस हो गया। और सबसे बड़ी बात यह है कि .....

एक माननीय सदस्य : माफी मांग रहे हैं ?

† [] Transliteration in Arabic Script.

उपसभापति : हां मांग रहे हैं।.. (व्यवधान) आप बैठिए, प्लीज़ । मैं एक बात का ध्यान आपकी तरफ करूं कि जब भंडारी जी बोल रहे थे तो मुहम्मद अज़फ़ल साहब ने कहा था कि इनकी मेडन स्पीच है इसमें डिस्टर्ब न करें। तो मोहम्मद अफ़ज़ल साहब जरा गुस्से हो गये । आप लोग जरा ठंडे रहिए, काम ठीक से चलने दीजिए .... (व्यवधान)

श्री मोहम्मद अफ़ज़ल उर्फ भीम अफ़ज़ल : मैंने भंडारी साहब की तकरीर पर एक भी बात नहीं कही। आप मुझ पर गलत इलजाम लगा रही हैं .....

شری محمد افضل عرف بھیم افضل: میں نے بھنڈاری صاحب کی تقریر پر ایک بھی بات نہیں کی۔ آپ مجھ پر غلط الزام لگا رہی ہیں۔

उपसभापति : मुझे मालूम है, मैंने यही बात कही । आपने तो मदद करी थी। मैं यही कह रही हूं कि आप मदद कर रहे थे, आप क्यों गुस्सा हो रहे हैं ?..... (व्यवधान)

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI S. B. CHAVAN): Madam, I would like to submit one thing for your kind consideration. You have been pleased to state that you will go through the record if any of the hon. Members has said something which is highly objectionable. Unfortunately, I could not get at it. But there-after.... *(Interruptions)* ....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Have some courtesy to listen to him also. You don't allow him to speak and then you would say We did not hear what he has said." This is an uafertuna. Please listen to him. He is the Leader of the House.

SHRI S. B. CHAVAN: The Deputy Chairperson was pleased to state that if any of the hon. Members has used cer tain objectionable remarks, she will see to it that he apologises to the House: The Leader of the Opposition has said that if any Member of his perty his said something, he would, apologise on behalf of the Member of his party. He made a general kind of statement. That is not the spirit. The spirit of the observation is that the Deputy Chairperson will go through the record and if she finds that the Member has Used any objectionable word, she will ask the Member to apologise to the House.

श्री सिकन्दर बख्त : मैं यह कहना चाहता हूं कि मैंने एक लफ़्ज़ सुना नहीं है...

نتاندر بخت: میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ میں نے ایک لفظ سنا نہیں ہے۔

उपसभापति : मैं देख लूंगी ... (व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Have react to the statement of the Leader of the House. मैं यह अर्ज़ करना चाह रहा हूं कि मैंने एक लफ़्ज़ यह नहीं सुना है, अनपार्लिमेंटरी, आब्जेक्शनेबल की बात तो बहुत दूर है, जो तहज़ीब से दूर हो वह मैंने नहीं सुना है। उसके बावजूद भी यह कहा है कि अगर कोई लफ़्ज़ इस तरह का है तो उसको मैं वापस लेता हूं, इस पर भी ऐतराज़ है, यह बात अजीब दुनिया हो गई, कमाल की बात है ... (व्यवधान)

† [] Transliteration in Arabic Script.

[Shri Sikander Bakht]

میں یہ عرض کرنا چاہ رہا ہوں کہ میں نے ایک لفظ وہ نہیں سنا ہے ان پارلیمنٹری آبجیکشنیبل کی بات تو علیحدہ ہے جو تہذیب سے دور ہو وہ میں نے نہیں سنا ہے۔ اس کے باوجود بھی یہ کہا ہے کہ اگر کوئی لفظ اس طرح کا ہے تو اس کو میں واپس لیتا ہوں۔ اس پر بھی اعتراض ہے۔ یہ بات عجیب دنیا ہو گئی۔ کمال کی بات ہے.... "مداخلت"

उपसभापति : भंडारी जी, आप बोलिए
.....(व्यवधान)

SHRI SIKANDER BAKHT: The Home Minister is becoming a party to every... *(Interruptions)*.. .He has no business to. .. *(Interruptions)* . ..

उपसभापति : सुनिएं, रेकार्ड सिर्फ लिखा नहीं जाता, रेकार्ड टेप पर रिकार्ड भी होता है । सिकन्दर बख्त साहब ने जो कहा उसकी बुनियाद पर आगे प्रोसीड करना चाहिए । भंडारी जी बोले, उसके बाद मुझ पर भरोसा करिए । ये रेकार्ड देखकर, रेकार्ड कान से सुनकर, अगर लगा कि किसी की दिल-आजारी हुई है तब यह बात आगे सोची जाएगी । फिलहाल यहीं पर मामला छोड़कर भंडारी जी को बोलने दीजिए ।
....(व्यवधान)

SHRI SIKANDER BAKHT: Why don't you give a word of advice to the Leader of the House? It was absolutely an uncalled for statement. *(Interruptions).*

SHRI S. B. CHAVAN: Madam, I strongly object to this. That is not correct. *(Interruptions)*. He cannot make this kind of observations.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : अगर कहा गया है, गलत आरोप लगाया गया है तो गृह मंत्री जी को माफी मांगनी होगी
...(व्यवधान)

उपसभापति : सिकंदर बख्त साहब, आपको जैसे लीडर आफ अपोजिशन के नातें हक है इजहार करन का, ऐसे ही लीडर आफ दि हाउस को भी हक है इजहार करने का । इसमें माफी का सवाल नहीं है
...(व्यवधान)

कुछ माननीय सदस्य : इनको माफी मागनी चाहिये... **(व्यवधान)** ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will check with the tape. I am only going, by the record. Take your seat. I will look into the debate. *(Interruptions).* I am not permitting anything more on this. That is enough.

SHRI P. UPENDRA (Andhra Pra desh): Madam, one minute. He has agreed to it. This is arising out of the poser to Mr. Bhandari. I want to ask him something. When the NIC team visited Ayodhya. . . *(Interruptions)* .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Nothing more on that. Please help me to run the House. *(Interruptions).* I am not permitting you. Unless I see the record, I am not permitting anything on that. There is the tape.

SHRI M. A. BABY (Kerala): Madam, I have a point of order.

SHRI P. UPENDRA: We put a specific query whether .... *(Interruptions).*

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is no point of order. Please take your seat. *(Interruptions).* I have not identified you, Mr. Upendra. Please sit down.

SHRI P. UPENDRA; He has agreed. *(Interruption/))*,

† [] Transliteration in Arabic Script.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ (Haryana): He has not agreed. *(Interruptions)*

उपसभापति : अफसोस की बात यह होती है कि इस हाउस में जब झगड़ा होने लगता है किसी बात पर तो कई एक प्रिजाइडिंग आफिसर्स हो जाते हैं । हर तरफ से मुझे सवाल पूछना है । मैं सुन ही नहीं पा रही हूं कि यह प्वाइंट आफ आर्डर में आ रहा है कि नहीं । चार इधर से, दो उधर से बोलेंगे तो मैं उनको बिठाऊं कैसे ? अगर, मेहरबानी करके, अगर भरोसा है तो थोड़ी देर चुप रहिए । अगर मैं गलत कह रही हूं तो आप मुझे कहिए . . . . . (व्यवधान) मगर सुनने तो दीजिए । . . . (व्यवधान) अब चलने दीजिए . . . . .

Now, nothing. *{Interruptions).*

SHRI M. A. BABY: Madam, I am on a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Already there is so much disorder. I want to bring some order in the House. What is your point of order, Mr. Baby?

SHRI M. A. BABY: Madam, still a section of Members on this side feel that a solution has to be found on this question. *(Interruptions)* Madam, you hi»ve given a ruling which I respect very much that you will go through the record. Going by the high traditions of this House, there can be one more me-thord through which this question can be solved. .Now, we can take the state-ment of a Member because some allegation is being made that one hon. Member has said something which should not have been uttered in this House or in any other House. *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: He is on a point of order. He has a right to ask. *(Interruptions)*

SHRI M. A. BABY: Madam, my submission is, if the hon. Member stands; up and states that he has not uttered what is being alleged to have been uttered the problem is over, it is alleged that the has stated "you are the agent of a neighbouring country and we will throw you out! This is what we heard. IF he stands up and says that he has not said that), there is no problem. He can stand up and say that. *(Interruptions).*

SOME HON. MEMBERS: He has not said that.

उपसभापति : आप सब बोल रहे हैं, मैं सुन नहीं पा रही हूं वह क्या कह रहे हैं (व्यवधान)

श्री विष्णुकांत शास्त्री : आप हाउस को एक्जोर्न कीजिए और टेप सुन लीजिए । (व्यवधान)

SHRI M. A. BABY: Yea, he has. *(Interruptions).* He can stand up and say that he has not said that. This is my point of order. *(Interruptions)*

SHRI S.K.T. RAMACHANDRAN: He should clarify this. Otherwise, he Should apologise to the House. *(Interruptions).* This is highly objectionable. How tan we tolerate all these things? *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN; I have informed the House that I will listen to the tape. If the Member is not voluntarily coming forward. I will listed to the tape. *(Interruptions).*

SHRI YASHWANT SINHA (Bihar): Madam, the sensibility of some Members .. . (*Interruptions)*

SHRI SURESH KALMADI (Maharashtra) : Madam, let the Member clarify. Why should you listen to the tape? Why is the Minister sitting quiet? *(Interruptions)*

SHRI YASHWANT SINHA: Madam, the suggestion which Mr. Baby has made is a very eminent suggestion. *(Interruptions)* What is alleged to have beed said is not only unparliamentary, it is extremely objectionable. There is nothing absolutely Which can justify it, even one word of it. Now, if it has not been said or the Member's intention was not to hurt, there is nothing which prevetttsthe Member from getting up and saying that he did not say that. This, I think, will

[Shri Yashwant Sinha]

bring, peace to the House and will be in conformity with the dignity of the House. Therefore, I will suggest to my friends of the BJP that let them persuade that • Member to stand up and according to the suggestion made by Mr. Baby say that he did not say that. *{Interruptions)*

SHRI N.K.P. SALVE: Can't the Member concerned get up and deny it? *{Interruptions)*

SHRI YASHWANT SINHA: Madam Deputy Chairman, if you want that the business of the House should proceed, please direct the Member to do it. *{Interruptions)* The Member is identified... *{Interruptions}*... Because, it was not whistling in the dark. What he has said has been heard. He has been identified, Madam • Deputy Chairman. *{Interruptions)*

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): Madam, if you want to examine the BJP viewpoint, please listen to Bhandariji. *{Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shiv Sharikerji. . . . *{interruptions)* ... I have allowed Shiv Shankerji. We have to cross this hurdle somehow. . . *{Interruptions)* ...

SHRI P. SHIV SHANKER (Gujarat): "Madam, I must submit that Shri Sunder Singh Bhandariji was developing his arguments in an exceedingly proper manner. Though with certain of the observations I Was not able to agree, I was really appreciating the manner in which he was trying to put forth his case before the House. It is at that time very rightly Mr. Afzal has said that be should not be interrupted. What happened at the back, we, the whole House. has not been, able to hear *and.. .{interruptions)* ... - Just a moment. And what you are trying to say about the tape recorder and what has gone on record, I doubt very much whether anything has gone on record as to what has happened at the back benches. ...*{interruptions)* ... Will you kindly listen to me?

उपसभापति : आप जरा उनकी बात सुन लीजिये, वह तो रिकार्ड पर आ जाय।

SHRI P. SHIV SHANKER: I am very clear that if what has transpired in the back benches is true I am sure, it cuts across the party-lines and even the Members of the BJP will not agree with what one of the Members has said, if it is true... *{Interruption)*.. . If it is true. If it is true. . . . *{Interruptions)* I am sure about it. It has nothing to do with the party. It has nothing to do with the party. . . . *{Interruptions)* . . It has nothing to do with the party.

SHRI SUNDER SINGH BHANDARI: I agree that there is nothing to do with any party.

SHRI P. SHIV SHANKER; That is exactly what I am saying. I am sure, I am confident that even the Members of the BJP or the Leader of the BJP Who is here, even the Leader of the Opposition, would not contribute to the theory of an individual who seems to have said something. Therefore, Baby is right. If the hon. Member has said something, it is for bis conscience; if he has not said it, the matter ends there. But if he has said something, it will be highly graceful, it will be highly graceful on the part of that hon. Member to stand up and say, "Well, I apologise for what I have said." If he s:ys he has not said anything, he can as well say that he has not said anything. The matter must end there. It is not a question of the Leader of the Opposition or the Leader of the Party, if it is true... *{Interruptions)*.. . If what has been attributed to the hon. Member is true, it puts everyone, every Member of this House, to shame. Therefore I appeal to the conscience of the hon. Member to stand up and clarify the position.

डा० मुरली मनोहर जोशी : श्री बेबी ने जो कुछ बातें कहीं उससे यह समझ में आया कि कोई ऐसा एलीगेशन है कि किसी मेम्बर ने दूसरे मेम्बर के बारे में यह कहा कि वह किसी पड़ोसी देश का एजेंट है। मैं अपनी पार्टी की तरफ से . . . (व्यवधान)

....यह कहना चाहता हूं कि हमारी पार्टी इस सदन में बैठे हुए प्रत्येक सदस्य को किसी देश का एजेंट मानती नहीं है और यहां बैठे हुए किसी सदस्य को दूसरे देश में भेजने की हामी नहीं हैं ....(व्यवधान)

उपसभापति : आप सब बैठिये । Satya Bahin, please sit down. ... *(Interruptions)* ... No, no; please take your seats... *(Interruptions)*... Please take your seat. Sardar Sahib, please sit down.

सरदार साहब बैठिये .... (व्यवधान)...बैठिये ।

डा० मुरली मनोहर जोशी : विपक्ष के नेता ने खड़े होकर सबसे पहले यह कहा था कि कोई बात चाहे रिकार्ड में आयी है या नहीं आयी है, किसी ने सुनी हैं या नहीं सुनी है, अगर किसी ने कहा है तो उन्होंने कहा था कि मैं उसकी तरफ से माफी मांगता हूं ..(व्यवधान)...

उपसभापति : आप बैठिये । I am not permitting. *(Interruptions* I am not permitting. *(Interruptions)*

मौलाना अोबैदुल्ला खान आजमी : इन्होंने ...(व्यवधान)...पाकिस्तान चले जाओ । ये जो सामने बैठे हुए हैं .... (व्यवधान) .....इन्होंने कहा कि पाकिस्तान चले जांय । हिन्दुस्तान इनकी जागीर है क्या ? ... (व्यवधान)....

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: انہوں نے "....مداخلت"....پاکستان چلے جاؤ۔ یہ تو سامنے بیٹھے ہوئے ہیں۔ "مداخلت" انہوں نے کہا کہ پاکستان چلے جائیں۔ ہندوستان انکی جاگیر ہے کیا۔ "مداخلت"

उपसभापति : आजमी साहब, बैठिये । ...(व्यवधान)...

I am not allowing... *(Interruptions)*

मौलाना अोबैदुल्ला खान आजमी: यह ...(व्यवधान)...अगर मुझे इंसाफ नहीं मिला तो मैं चला जाऊंगा ...(व्यवधान) ....

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: یہ ... مداخلت"...اگر مجھے انصاف نہیں ملا تو میں چلا جاؤں گا۔ ..."مداخلت"...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am not allowing you. *(Interruptions)*... I have not permitted you. I am very sorry ...*(Interruptions)* सोजमी साहब कोई इस तरह जो टेंटेड.. (व्यवधान) ...आप बैठिये मैं आपसे एक बात अर्ज कर रही हूं कि इतना गुस्सा करने की जरूरत नहीं ..... (व्यवधान)...आप चुप रहिये ।

मौलाना अोबैदुल्ला खान आजमी : हिन्दुस्तानी हो जो पाकिस्तानी कहेगा, हम यह बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं । हिन्द पर हमें नाज है ...(व्यवधान)...ताज और लाल किले के बानी हम हैं । हम हिन्दुस्तानी हैं। हम किसी को हक नहीं देंगे पाकिस्तानी कहने का ।

مولانا عبید اللہ خان اعظمی: ہندوستانی کو پاکستانی کہے گا۔ ہم یہ برداشت نہیں کریں گے۔ ہند پر ہمیں ناز ہے۔ "مداخلت" تاج اور لال قلعے کے بانی ہم ہیں۔ ہم ہندوستانی ہیں۔ ہم کسی کو حق نہیں دیں گے پاکستانی کہنے کا۔

†[ ] Transliteration in Arabic Script

उपसभापति : आप बैठिये ।

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Most of the BJP leaders participated... *(Interruptions)*... against the Britishers in 1942. *(Interruptions)*

मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी : हमें जो पाकिस्तानी कहेगा तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे . . . (व्यवधान) . . . .

مولانا عبید اللہ اعظمی : ہمیں جو پاکستانی کہے گا تو ہم اسے برداشت نہیں کریں گے ... "مداخلت"

उपसभापति :

Please, just a minute. I request everybody . . . (*Interruptions*) . . . आजमी साहब, मेरे या किसी के कह देने से कोई कहीं का बन नहीं जाता । यहां गुस्से में कोई बात हो जाती है लेकिन किसी के दिल में बुराई नहीं होती । उन्होंने मांफी मांग ली है । अगर वे . . . . . (व्यवधान) . . . .

SHRI P. SHIV SHANKER: No, no.

SHRI S. JAIPAL REDDY: No, no. I am on a point of order.

SHRI P. SHIV SHANKER: The hon. Member must clarify his position. *(Interruptions)*.. .*The* hon. Member must clarify. We will go by what the Member says. *(Interruptions)* .. .

SHRI N.K.P. SALVE: Let the Member clarify. *(Interruptions)*... Madam, you go by what he is saying. *(Interruptions)*

'* * *

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will ask Mr. Jaipal Reddy. *(Interruptions)*. ..

SHRI P. SHIV SHANKER: The hon. Member must clarify the position. *(Interruptions)* ...

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam...

†[] Transliteration in Arabic Script,

SHRI P. SHIV SHANKER: Madam, it is a grave reflection on the dignity of this House. *{Interruptions)* .. .

SHRI N.K.P. SALVE; On the honour and dignity of the House. *(Interruptions)* ... I seek your ruling. *(Interruptions)* . . .

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदया, (व्यवधान) . . . यह बड़ी गलत बात है । यह भारत के संविधान के खिलाफ है । हम सब भारत के नागरिक हैं । . . . (व्यवधान) . . .

SHRI P. SHIV SHANKER: The hon. Member must clarify the position. *(Interruptions)* ... The hon. Member must clarify the position. *(Interruptions)* . ..

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have asked Mr. Jaipal Reddy. *(Interruptions)*

SHRI MURLIDHAR CHANDRA-KANT BHANDARE (Maharashtra)-. Madam, I am on a point of order. *(Interruptions)* ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have asked Mr. Jaipal Redddy. He has got up on a point or order. *(Interruptions)*... I will call you. *(Interruptions)*.. .

SHRI S. JAIPAL REDDY; Madam Deputy Chairperson,....

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have asked Mr. Jaipal Reddy. *(Interruptions)* . . .please. I have asked Mr. Jaipal Reddy. *(Interruptions)*.

. . **रेड्डी साहब,**

आप बोलिये ।

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam Deputy Chairperson, I learnt reliably, authentically and authoritatively from Members of the Janata Dal and the, CPM that such a word was used by one BJP Member against the JD Member. I don't know whether such an expression used by that Member could be recorder on take or not. The very fact that so many mem-bers have heard it testifies to the fact that such an expression has been used. I completely concur with the sentiments expressed by Shri Shiv Shankerji that all

of us are deeply hurt. It is not merely unparliamentary, it is outrageous, it is obnoxious and it is filth. I know Shri Sikander Bakht is an extremely respected Member of this House. He is not merely the Leader of the Opposition, but above all, more than that, he is respected in this House. I am sure he would not be privy to such an expression. Since such an expression was used, the Member concerned should say that he is sorry, or. otherwise, the Chair may contemplate necessary action against him.

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहेबा, एक मिनट मुझे दीजिये ।

†شری سکندر بخت: صدر صاحبہ، اب مجھے موقع دیجئے ۔

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have identified him. He is on a point of order.

श्री सिकन्दर बख्त : भंडारे साहब, मुझे एक मिनट दीजिए प्लीज़ ।

†شری سکندر بخت: بھنڈاری صاحب مجھے ایک منٹ دیجئے پلیز۔

SHRI MURLIDHAR CHANDRA-KANT BHANDARE: I am not yielding.

श्री सिकन्दर बख्त : सब कुछ हो रहा है (व्यवधान) सदर साहिबा, मुझे कुछ अर्ज़ करना है ज़रूर ।

†شری سکندر بخت: سب کچھ ہو رہا ہے مداخلت، صدر صاحبہ، مجھے کچھ عرض کرنا ہے ضرور۔

उपसभापति : सिकन्दर बख्त साहब, आप लीडर आफ दी अपोज़ीशन हैं । मैं आपको पूरा मौका दूंगी बोलने का मगर भंडारे साहब बहुत पहले से प्वाइंट आफ आर्डर पर थे । उन्हें बोलने दीजिये ।

श्री संघप्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : मेरा भी व्यवस्था का प्रश्न है ?

उपसभापति : जी, जी ।

SHRI MURLIDHAR CHANDRA-KANT BHANDARE: Because of what has happened today in the House, everyone of us should hang his head in shame. It is not a hurt to Mr. Azmi it is a hurt to everyone of us. We are all citizens of India and we are proud to be the citizens of India. Now the question is not what Sikander Bakhtji is saying or Joshiji is saying. The Members who have felt hurt—we share their hurt because it is our hurt—have identified the Member. Now the only course open is not to check the records but the Member should get up and either own the statement and apologise or deny it. There is no other course left.

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहेबा, अब मुझे मौका दीजिये ।

†شری سکندر بخت: صدر صاحبہ ایک منٹ مجھے دیجئے ۔

श्री दिलीप सिंह जूदेव (मध्य प्रदेश) : उपसभापति महोदया . . .

उपसभापति : जिनके ऊपर एलीगेशन था वह बहुत हिम्मत से खड़े हुए हैं । बड़ी खुशी की बात है । बोलिये, बोलिये, मामला खत्म तो हो ।

श्री दिलीप सिंह जूदेव : माननीया उपसभापति महोदया, मेरे ऊपर इल्ज़ाम लगाया जा रहा है, मैंने यह नहीं कहा । अगर किसी के सुनने में कोई गलती हुई है तो मैं उसके लिए क्षमा चाहता हूं ।

†[] Transliteration in Arabic Script

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now the matter ends. I personally, from the Chair thank the hon. Member, who is a new Member, to have this courage to get up and say. I am very happy with that. I hope in the true spirit of Parliamentary democracy they will behave like this. कोई भी ऐसा मौका नहीं आने देंगे कि किसी दूसरे की दिल आज़ारी हो। आगे बोलिये भंडारी जी। आपका समय तो ज्यादा इंटरप्शंस में चला गया।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : मेरे से ज्यादा टाइम तो दूसरे माननीय सदस्यों ने ले लिया।

उपसभापति : चलिये, वह मुझे मालूम है

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : मैं फिर से अपने तर्क को एक कोटेशन से आगे बढ़ाता हूं और वह कोटेशन है बोम्मई साहब की रिपोर्ट से। उसके पेज 26 पर सिविल मिसलेनियस एप्लीकेशन नम्बर 48 आफ 1989 और इसके ओरिजिनल सूट नम्बर 4 आफ 1989 के अजमेंट के आखीर में जज साहब ने यह लिखा है—

"It is doubtful that some of the questions involved in the suit are soluble by judicial process."

मैंने यह बात इसलिए कही कि जन्म स्थान के मन्दिर का विवाद दो तरीके से सुलझाने की बात शुरू से चल रही है। या तो आपस में सलाह मशविरा करके कोई रास्ता निकाला जाए या फिर अदालत इस मामले में कोई फैसला दे। अदालत के रास्ते में अभी तक उत्तर प्रदेश की सरकार का कोई काम आड़े नहीं आया। आज तक उत्तर प्रदेश की सरकार ने अदालत के फैसले के दायरे में रह कर काम किया है। उम्मीद की जा रही थी कि इस फैसले के कारण वहां पर कुछ भी काम नहीं हो सकेगा। तकलीफ इस बात से हो रही है कि अदालत के किसी फैसले का वायोलेशन भी नहीं हुआ और काम हो रहा है। तकलीफ इस बात से पैदा हो गयी कि अदालत का फैसला जहां खड़ा है, वहां है, उत्तर प्रदेश की सरकार उससे बंधी हुई है और उसके बावजूद मन्दिर के निर्माण का काम प्रारम्भ हो गया है। अभी तक के फैसलों के अनुसार कोई वायोलेशन नहीं हुआ है, विवादाग्रस्त जमीन को कोई खतरा पैदा नहीं हुआ है और अदालत में भी जो कुछ हो रहा है उसमें कोई रोक डालने के लिए इन्कार किया है।

अब दूसरा सवाल खड़ा होता है एमिकेबुल साल्यूशन का। एमिकेबुल साल्यूशन के लिए चव्हाण साहब खुद इस बात के गवाह हैं कि बहुत बार नुमाइंदों से आपस में बैठकर बातचीतें हुई हैं। दोनों तरफ से सबूत दिये गये हैं। यह बात अलग है कि अभी तक उसमें से कोई आपसी समझौते का रास्ता नहीं निकला है। अभी थोड़े ही दिन पहले जब यह जमीन खोदी गयी और ऐसे ऐसे पक्के सबूत मिले हैं जिसमें पक्का चबूतरा, पुराने जमाने की ईंटें आदि प्राप्त हुई हैं जो आर्कोलाजिकल डिपार्टमेंट के लोगों ने की है और अगर की हैं तो आज वे पब्लिक इन्स्पेक्शन के लिए खुली हुई चीजें हैं।

पहले शुरू में जब विवाद सुलझाने की बात चली थी तब यह कहा गया था बाबरी मस्जिद के नुमाइंदों के द्वारा भी कि अगर यह साबित हो गया कि यह मन्दिर तोड़कर मस्जिद बनायी गयी तो यह हमारे मजहब के खिलाफ है कि ऐसी किसी जगह पर इबादत की जाए। मैं समझता हूं कि मुस्लिम धार्मिक नेता भी इस बात को और गौर से देख लेंगे और अगर पक्के सबूत इस बात के मिले हैं तो किसी तीसरे को बीच में आने की जरूरत नहीं है। बहुत मुमकिन है कि उन्हीं की तरफ से यह फतवा आ जाए कि जबर्दस्ती ऐसी जगह पर जो विवादग्रस्त है, मन्दिर की जगह थी तो यहां मस्जिद के लिए क्यों हाय तौबा करते हो। बाबर के जमाने में तो आक्रमण के अधीन वह मस्जिद बनी थी। वह जमाना और आज का जमाना बदल गया है। अब न तो कोई आक्रमणकारी है न किसी पर आक्रमण हो रहा है। अब तो पुराना घाव फिर से भरे जाने का आपस की समझाइश का, हमदर्दी को पैदा करने का जमाना है।

चव्हाण साहब ने फरमाया कि इरादा क्या है। अभी तो मंदिर बन रहा है उस जगह जहां विवाद नहीं है, ढांचा अपनी जगह पर खड़ा है। चव्हाण साहब, आप भी शायद इस बात को मान जाएंगे कि अगर इस आपसी समझौते में से कोई रास्ता निकल आता, कोर्ट की तरफ से अगर कोई फैसला हो जाता है तो इस मन्दिर को बनने से न आप रोक पाएंगे न मैं रोक पाऊंगा। मैं इसलिए उस समय क्या होगा। कानून के दायरे में खड़े हैं। आप सब लोग इसलिए मैं ऐसा समझता हूं कि अगर कानून के प्रति थोड़ी सी भी इज्जत हमारे दिमाग में है तो फिर कानून के रास्ते में हम आड़े न आयें और समझौते के लिए कोई अगर रास्ता निकल सकता है तो हम सब लोग मिलकर एक समझौते के आधार पर मन्दिर निर्माण करवाने के रास्ते को मुकम्मिल तौर पर करने की इजाजत दें। यही मुझे इस सदन को निवेदन करना है। बहुत बहुत शुक्रिया।

SHRI MURLIDHAR CHANDRA-KANT BHANDARE: Madam, this is the maiden speech of my esteemed friend, hon. Shri Sunder Singh Bhandari. I have had both the pleasure and the privilege of listening to him on a number of occassions because he had been my colleague in this House. He is known for his restraint. He has been known for making responsible statements. He has also been known for his well-reasoned argument and today is no exception. He also realises that the House today is dealing with one of the most emotive issues of the present times which is gripping the nation. In fact, the scam of the century has receded into the back ground because this issue has surfaced. I must really compliment the Members of the BJP for choosing such time and it also lessens the burden on our shoulders, but that is not to say...

SHRI SUNDER SINGH BHANDARI: So you are relieved.

के बावजूद जो जनमत मिला और जिस पार्टी को भी मिला हो और जिसकी भी सरकार उत्तर प्रदेश में बनी हो वह यह नहीं कह सकती कि उसको जनमत का वोट इस आधार पर मिला है कि वह किसी धर्म विशेष या जाति विशेष का रिप्रेजैंटेशन कर रही थी या प्रति निधित्व कर रही थी । निश्चित रूप से लोकतंत्र के अन्दर किसी भी पार्टी की सरकार जब चुनकर सत्ता में पहुंच जाती है तो उसको हरेक का मफाद, हरेक के अधिकारों की चिंता होनी चाहिए । यदि ऐसी सरकार केवल एक पक्ष के बारे में सोचने लगती है तो निश्चित रूप से उसके बारे में अगर सवालात किए जाते हैं तो गलत बात नहीं होगी । अयोध्या के अन्दर मुतनाजा जमीन है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता वह जमीन एक्वायर भी की जा चुकी है इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। हाई कोर्ट ने उस एक्विजीशन को सही मान लिया है उस समय तक जब तक कि उस पर पूरा फैसला न हो जाए, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन आज जो कल तक कोर्ट की बात नहीं करते थे, खुशी की बात है कि उनके हृदय में इतना परिवर्तन तो आया है, उनके दिली-दिमाग और उनके सोचने के तरीके में इतनी तब्दीली तो आई है कि वह आज कोर्ट की बात करते हैं और कहते हैं कि कोर्ट का जो भी फैसला होगा वह हम मानेंगे । मैं इतना अर्ज करना चाहता था पैंडम, कि उस एक्विजीशन के साथ-साथ जो शर्तें लगाई गई, वह शर्तें लगाई गई कि किसी किस्म का स्थायी निर्माण उस स्थल पर नहीं होगा जिसको एक्वायर किया गया है । एक्वायर किया गया पर्यटन विभाग के नाम से लेकिन आज वहां पर जो हो रहा है क्या वह पर्यटन विभाग की तरफ से हो रहा है ? ये बड़े सवालात हैं । अभी गृह मंत्री जी वहां गए हैं और उन्होंने अपने बयान में भी कहा है, अपनी शंकाएं भी उन्होंने व्यक्त की हैं कि किन-किन बातों की उनको संका है । ये संगीन हालात जो बने वह इसलिए बने कि हमने धर्म को राजनीति में परिवर्तित करने की कोशिश की है और हमें उसको रोकना होगा । नहीं तो देश का बहुत बड़ा नुकसान होगा और उसको रोकने के लिए हमें न्यायपालिका और सरकार दोनों की तरफ नज़र उठा कर देखना होगा । न्यायपालिका की ओर से जो भी 15 तारीख निश्चित हुई है, मुझे उम्मीद हुई है कि देश में संविधान की रक्षा के लिए देश में धर्म-निरपेक्षता की रक्षा के लिए, देश में जम्हूरियत और लोकतंत्र के उसूलों की रक्षा के लिए, केन्द्रीय सरकार का जो दायित्व है वह निश्चित रूप से वह निभायेगी मैं सताईश करना चाहूंगा, मैं एप्रीशिएट करना चाहूंगा अपनी सरकार के उन इकदामात के जो उसने अभी तक किए हैं निश्चित रूप से इतने बड़े सेंसटिव इश्यू के ऊपर,

नशा पिला के गिराना तो सब को आता है,
मज़ा तो तब है कि गिरते को थाम ले साकी।

हिन्दुस्तान के अंदर कांग्रेस का इतिहास यह है कि उसने जजबात को न कभी भड़काया है और न जजबात के साथ कभी खेलने की कोशिश की है और हमें खुशी है कि उसी परिपाटी उसी रास्ते के ऊपर आज भी हमारी पार्टी की सरकार चल रही है हम जजबात में बहक सकते है और हमें बहकाने की कोशिश भी की जा रही है, लेकिन निश्चित तरुप से वक्त आने पर जैसा कि यह मंत्री जी ने कहा है जो मुस्तैद इकदामात है वे उठाए जायेंगे । आज जो परिस्थिति है उस परिस्थिति के अन्दर और जो हालात हैं उन हालात के अंदर मैं सिर्फ यही कहना चाहूंगा कि कोई रास्ता ऐसा निकाला जाना चाहिए जिससे यह जो मसला है वह हल हो जाए। मैं माननीय गृह मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या कोई आप इस तरह के जो आपने मुख्य मंत्री जी से बात की है और लोगों से बात की हैं क्या कोई ऐसा पैकेज लाने का प्रयास किया जा रहा हैं कोशिश की जा रही हैं जिससे इस मामले के ऊपर हमेशा हमेशा के लिए नतीजाखेज़ गुफ्तगू के बाद कुछ न कुछ फैसला हो सके। नंबर दो मैं यह कहना चाहूंगा कि निश्चित रूप से इस मामले में काफी देर हुई हैं कई वर्ष इस फैसले में गुजर गए हैं। हालिया मामलात ; भी देखें हाई कोर्ट में मुकदमा पड़ा हुआ दू मुकदमा चल रहा हैं लेकिन मुकदमे का कोई फैसला नहीं हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के इंटरवेंशन की आवश्यकता है। मैं यह सुझाव रखना चाहूंगा कि गृह

मंत्री जी इस बात पर विचार करें कि हाई कोर्ट में जो मुकदमा चल रहा है वह सुप्रीम कोर्ट टेकअप कर ले और फाइनल डिसिजन के लिए कोई स्पेशल बैंच बना दी जाए और उस बैंच के तहत इस केजिए का किसी तरह से निपटारा कर दिया जाए, क्योंकि मुल्क की आशती और अमन से बढ़ कर कोई चीज़ नहीं है। लेकिन यह अमन और यह आशती यकीनी तौर पर डराकर और धमका कर लोगों के अंदर टैरर पैदा करके नहीं, बल्कि संविधान के जरिए हमारी जो हिकमते अमली रही है जम्हूरियत के अंदर उसके जरिए आना चाहिए एक तरफ तो बी०जे०पी० कहती है, बी०जे०पी० के मुख्य मंत्री कहते हैं कि हम किसी तरह का कोई नुकसान जो मुतनाजा इमारत है उसको नहीं पहुचाएंगे लेकिन दूसरी तरफ जो वी०एच०पी० के जो हमारे जनरल सेक्रेटरी है सिंघल साहब, वह बार-बार यही कहते है कि हमें प्रेस्टिमैटली गर्भगृह तक पहुचना है और वहां मंदिर बनाना है अभी कोई फैसला अदालत के जरिए नहीं हो सका है। इस तरह के भड़काने वाले जो स्टेटमैंटस हैं ऐसे स्टेटमेंटस के बजाये बेहतर यह होगा कि आग बुझाने की कोशिश की जाए। मैडम-हमारे मुल्क के अन्दर हर व्यक्ति को हर शहरी को, हर नागरिक को अपने अकीदे के लिहाज से अपने विश्वास के लिहाज अपन मजहब पर अमल करन की इजाजत है और अपने अकीदे के लिहाज से उसको इस बात का अधिकार है कि उसकी जो इबादतगाहें है, जबर्दस्ती उन पर कब्जा न किया जाए।

मैडम, मुल्क के माहौल में तनाव है। इस तनाव को हम सब को मिलकर कम करने की कोशिश करनी चाहिए और मुझे उम्मीद है कि गृह मंत्री जी निश्चित रूप से वक्त आने पर ऐसे कदम उठाएंगे जिससे रूजपसंद ताकतें रिवाइवलिस्ट ताकतें, वह ताकतें जो हिंदुओं को मुसलमानों से अलग करना चाहती है वह ताकतें जो मुसलमानोंको हिंदुओं से अलग करना चाहती ह उन पर रोक लगाएंगे और हमारा मुल्क जो कि जन्नत निशां हिंदुस्तान कहा जाता है अपनी परंपराओं से कहा जाता है वह अपनी परंपराओं अपने अकदार, अपनी खुसीसियत, अपनी रंगारंग तहजीब, अपनी मिलीजुली तहजीब का परिचम लेकर आगे बढ़ता रहेगा और जो इस परचम को नीचा करने की कोशिश करेगा चाहे वह कितना ही ताकतवर क्यों न हो, चाहे वह जितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सरकार को उससे बड़े शोर के साथ और बड़े जोश के साथ, पूरी ताकत के साथ निपटना चाहिए तभी यह मुमकिन हो सके कि हम इस मुल्क में उन तकाजों को पूरा कर सकेंगे जो हिंदुस्तान के आजाद लोग हम से करते है। शुक्रिया।

SHRI YASHWANT SINHA: Madam Vice-Chairman, I must confess right in the begining to my very serious disappointment at the statement of the Home Minister. This is a statement of the Home Minister of India. It is not the according to this statement askes him But what does this show? We know that the Home Minister tald us here in this House, he said outside also, that he had called the Chief Minister of U.P. for a discussion. The Chief Minister of U.P. took two full days in responding to his invitation to meet him. Then he comes and meets, him. The Home Minister, according to this statement, askes ' him very relevant questions. Which are agitating the minds of the Members of this House. But what did the Chief Minister of U.P. do? According to the Home Minister, he is non-committal, he does not answer those questions and he goes back. The Home Minister himself goes to U.P. A team of officials of the Government of India goes to U.P. According to the newspaper report, he visits the site, accepts *Prasad,* accepts a *chadar* and looks at the disputed site from the safety of that disputed structure. He does not visit the site and then he tells us that the security is not proper, it lacks, and advises the U.P. Government how the security should be beefed up and the U.P. Chief Minister responds though a letter and says that everything is hunky-dory, everything is firtel. This is the picture. Now the Government of India seems to be waiting again helpless ly for tomorrow when this matter will

[Shri Yashwant Sinhaj

come before the Supreme Court and then they hope that the Supreme Court might pull them out. But what if the Supreme Court does not pull them out? Madam, the issues are very clear to my mind. They have been raised by other Members, but some of them will bear repetition.

One is the technical aspect and let us not be in doubt in regard to the techni-cau aspect at all. Let there be no doubt. When Mr. Bhandari was speaking, an impression was sought to be created as if some of these issues were vague they were not very clear. Madam, he was saying that the land had been permanently transferred to the U.P. Government. That is not true. The Court Order very clearly says, "The State may take possession; of the notified land and may make arrangements for the purpose notified in the notification, but no structure of a permanent nature shall be put up thereon, etc. etc. And the taking over of possession shall be subject to further orders of the Court," So, let us be very clear that it is only an interim order of the Court, that the title Of the land has not been permanently conferred on the U.P. Government and that, perhaps, is the reasons why the Court has also ruled that there shall be no permanent structure. If it was a permanent transfer then they need not have said that no permanent structure would be built.

The second point arising out of this, Madam Vice-Chairman, is that if using concrete, if using steel does not constitute the building of a permanent structure, then we will have to revise the whole meaning of various words in the English language and our engineering concepts.

SHRI VIREN J. SHAH (Maharashtra): "Permanent" in the Vedantic sense.

SHRI YASHWANT SINHA; Yes, "saswat". Therefore, there is absolutely no duobt, and I am saying with full sense of responsibility in this House, that the U.P. Government has clearly, not *prima facie* as the Home Minister said, -violated the order of the court. Whether the court ruled on this particular point or not, it the House be in no doubt, let this co mtiy be in no doubt, here is a legally constituted Government in a particular State which is defying the injunctions, directives and instructions of a court

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry); Violating the orders of the court.

SHRI YASHWANT SINHA: Violating the instructions of the Court. Let there-be no doubt about that.

The third point, Madam Vice-Chairman, is that when Mr Malaviya was raising a point Mr. Sunder Singh Bhandari—he is not here—sitting on his seat, said that the land had been leased out to Vishwa Hindu Parishad. Has it been leased out? Because, the court order says that it cannot be either transferred or alierited. This is the wording of the court order. Has the U.P. Government •really leased it out to the V.H.P.? Can Home Minister please stand up and say that it has been leased out. Did the U.P Chief Minister tell him that it had been leased out? If it has been used out, then it has been alienated, it has been transferred, and this, again, is a violation of a court order. So, these are the technical aspects.

On the political issue, Madam Vice-Chairman, why has the wholething come up now? Whom is the BJP bailing out? The Parliament was going to meet. They knew that we had very important issues to raise. We have important issues to corner the Governnment with. But, why was the whole attention diverted to Ayodhya? Somebody in the BJP will have to explain why this has happened. Is there any nexus? Mr. Murlidhar Bhandare was raising it innocently. But there is much more to it than meets the eye. Therefore, Madam Vice-Chairman my point is that the Government of India cannot be a! silent spectator. Mufti Mohd, Sayeed had suggested that the Government of India should become a party It is not a party before the Supreme Court. It is not a party before the High Court. How can the Government Of India just sit helplessly and let some citizens of the country take up this matter in a court? The Government of India must became a party in the court dispute and the Government

of India must produce all the evidence I hat it has about the recalcitrance of 'ho U.P. Government. These individuals who have gone to the court against the whole might of the U.P. Government are mere individuals and citizens of the country. You see yesterday's judgement of the Allahabad High Court, Lucknow Bench. What have they said? They are not convinced that from the seepage the foundations of the disputed structure will be weakened or will not be weakened. There is nothing more in it than that. The Government of India has sent experts. Their report has come. We should know what exactly and how exactly the structure is going to be affected as a result of this particular engineering which has been devised by the U.P. Government. Is it their intension that they will not touch the mosque and the mosque will fall by itself because of the so-called construction work they are doing so that the problem is solved once and for all?

Madam Vice-Chairman, these are issues which are of great significance. Let this be veiy clearly understood that this is a dispute which does not concern Uttar Pradesh alone. It is not a dispute which the U.P. Government alone will be able to solve. It has always been regarded by all of us as a national problem, as a question of national importance. If this problem has to be solved, then all of us must get involved in it. It is now the responsibility of the BIP Government in U.P., it is the responsibility of the Congress (I) Government at the Centre to make sure that we find an amicable settlement. When the Home Minister got up to ask Mr Bhandari as to what their intention was in regard to the ultimate rate of the structure, he was non-committal like the U.P. Chief Minister. Can somebody from the BJP get up here and now and say that it is not the intention of the BJP, the VHP, the Bajrang Dal, the RSS and all the connected organisations that the disputed structure, namely the Babri Masjid, shall not be interfered with, shall not be destroyed, shall not be demaged? Can this assurance come? If that assurance comes, I shall be the first to applaud that assurance. I shall be the first to say. "Please go ahead and cons- truct the temple were you *want* to construct it." But that assurance must be there. It is the stated position of all the secular parties in this country that we are not against the construction of the temple. I would like to repeat it on behalf of my party that we are not against the construc-tion of the temple but we would not like the mosque to be damaged, touched or interfered with in any manner. If this be the intention of the BJP, let they come forward and say, "let us sit down, look at the plans which they have prepared, let all the parties agree to it, then there will absolutely be no dispute." I have no hesitation in saying so. If you have other intentions, if you are going to play politics, then my very huble request to you is, let us decide in this House which is the highest chamber of this nation, at what cost we are going to conduct the politics of this country. Madam, there has been enough bad blood, there has been enough bloodshed, there has been enough of everything that is despitable in our politics. Let us not add to it any further. Let us not aggravate the situation. In doing politics, let us not divide the policy. In doing politics let us not divide the people. In doing politics, in getting votes, let us not completely dismember this nation. Let us not destroy the secular fabric of this nation. One last word, then I shall conclude.

This House represents a cross-section of people. There are Members of Parliament who belong to the minority communities. I would like to assure them on behalf of my party—I know that this assurance I can say safety on behalf of most of the Members of this House—that we stand for secular ideals, we stand for secularism and that we shall not be found wanting, we shall be second to none in defence of that secular order. It is not the concern of only some of us, it is the concern of all of us. Let us not give it a colour which is likely to send wrong signals outside. That is the reason. Madam why I was very keen that the find of scenes which took place in the morning should not take place. I used all my influence

[Shri Yashwant Sinha]

to see that peace was restored in the House. But this is something which will send wrong signals. Therefore, there is need for a great deal of restraint on the part of those Members also. With this appeal I conclude my statement and hope that good sense will prevail over those who are ruling in UP and over those who are ruling in Delhi.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं एक प्रश्न पूछना चाहूंगा जवाब देंगे कि जहां पर राम लला की मूर्ति है उसको हटाने के बारे में आपकी राय क्या है? आप चाहते है कि उस मूर्ति को हटा दिया जाए या न हटा दिया जाए?

श्री राम नरेश यादव : वहां मंदिर बनाना चाहते हैं यह भी बता दीजिए।

SHRI PRAMOD MAHAJAN; You are repeatedly referring to the disputed structure as masjid. That clears your position on the... *(Interruptions)*

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : वहां 40 साल से पूजा हो रही है। उसको आप हटाना चाहते हैं रखना चाहते हैं या ....(**व्यवधान**)

श्री यशवंत सिन्हा : मैं तो अपनी बात उस वक्त कहूंगा जब आप अपनी नीयत स्पष्ट कर देंगे।

श्री प्रमोद महाजन : यशवंत जी आपको कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि मुफ्ती साहब और आप (*Interruptions*)

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: It is not that the minority communities in this country... *(Interruptions).* Every Indian overy Member of Parliament... *(Interruptions).*. . Will retain the secular spirit of this nation... *(Interruptions).*

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : आपकी नीयत सबको मालूम है... (**व्यवधान**)

श्री यशवंत सिन्हा : माथुर साहब आप जिसको मंदिर कहते हैं उसके साथ क्या करने वाले हैं? आप यह बताइये उसको तोड़ने वाले हैं कि छोड़ने वाले हैं? आप कहिए आप क्या करने वाले है .....(**व्यवधान**) तोड़ेंगे कि छोड़ेंगे .... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, that is ail Mr. Mathur, please sit down. Mr. Afzal has a point of order. *(Interruptions).* Mr. Sinha, you don't have to give an answer. F'iease sit down *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN); Mr. Yash-want Sinha, you don't have to answer.. . *(Interruptions)*.. .

SHRI S.K.T. RAMACHANDRAN:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN); Nothing will go on record... *(Interruptions)*... Please sit down... *(Interruptions)*.. . Mr. P. K. Jopi... *(Interruptions)*...

SHRI MOHAMMED AFZAL aliai MEEM AFZAL;*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am not allowing you... *(Interruptions)*... Please sit down. Nothing is going on record. So there is no point of order... *(Interruptions)*... Under what rule are you raising it?... *(Interruptions)*.. .

श्री अजीत जोगी : आदरणीय उप-सभाध्यक्ष महोदया, माननीय गृह मंत्री जी ने एक अहम मसले पर बयान दिया, मैं यह मानता हू कि यह सवाल केवल राम जन्म-भूमि और बाबरी मसजिद का नहीं है, यह सवाल अब इस बात का हो गया है कि आज के बाद हम इस देश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। आज के बाद यह मुल्क उस रास्ते पर चलेगा जिस रास्ते पर हमें हमारे ऋषियों ने, मुनियों ने, पीरों ने, बुजर्गों ने, चलना सिखाया था उस मार्ग में से हटकर हम दूसरे मार्ग पर इस देश को ले जाना चाहते हैं ? प्रश्न इस बात का है कि हम

*Nit recorded.

अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा और अपने धर्म के अनुसार लोगों को जोड़कर रखना चाहते हैं या तोड़ना चाहते हैं ? यह जो छोटा सा स्ट्रक्चर है जिसको बाबरी मस्जिद या जिसको विवादग्रस्त भवन कहा जा रहा है वह अब केवल छोटा सा स्ट्रक्चर, छोटा सा ढांचा नहीं रह गया है । बाबरी मस्जिद भवन या वह विवादाग्रस्त भवन जिसे हमारे भाजपा के सदस्य कहते हैं.....

एक माननीय सदस्य : राम जन्म-भूमि कहिए ... **(व्यवधान)**

श्री अजीत जोगी : राम जन्म भूमि अब एक प्रतीक बन गया है । मैं इसलिए प्रतीक कह रहा हूं क्योंकि अगर वह भवन बचता है तो इस मुल्क के दलित, इस मुल्क के शोषित, इस मुल्क के अल्पसंख्यक, इस मुल्क के गरीब, इस मुल्क के मेहनत-कश मजदूर यह मानेंगे कि मेरी अस्मिता, सम्मान सुरक्षित है । अगर इस ढांचे को हम सुरक्षित नहीं रख पायेंगे तो इस मुल्क के दलित, शोषित, अल्पसंख्यक यह मानेंगे कि इस मुल्क के रहनुमा, हम सब नेतागण बिलकुल असमर्थ हो गए हैं उनकी अस्मिता की रक्षा करने के लिए । मैं यहां जज्बातों पर बात नहीं करना चाहता हूं । मुझे बड़ी खुशी हुई जब भंडारी जी के भाषण को, तकरीर को मैंने सुना । आज पहली बार भाजपा के साथियों ने कहा कि हम को न्यायालय के आदेश का सम्मान करना चाहिए । न्यायालय के आदेश का सम्मान करना चाहिए केवल भाजपा के साथियों को ही नहीं हम को भी सम्मान करना चाहिए । फिर न्यायालय के समक्ष जो मुद्दे बार-बार इस विषय में उठते रहे हैं और जब न्यायालय के समक्ष यह बात निर्धारित करने की बात आई क्या यह अयोध्या वही है जो हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के त्रेता युग की अयोध्या थी ? यदि इस पर न्यायालय फैसला दे तो क्या उसको आप नहीं मानना चाहेंगे । जब यह तय करने की बात हुई कि न्यायालय इस पर फैसला करे कि क्या अयोध्या में जिस स्थान पर जिसे आप राम जन्मभूमि कह रहे हैं, जिसे कोई बाबरी मस्जिद कह रहा है या किसी और नाम से कहा जा रहा है तो क्या राम लला का जन्म वहीं पर हुआ था ? क्या न्यायालय इस को तय करेगा और भारतीय जनता पार्टी के साथी इसको मानेंगे ? जब आप कहते हैं न्यायालय जो कुछ तय करे हम उसको न्यायालय के अनुसार मानेंगे तो कुछ बातें आप कहते हैं जो न्यायालय तय करेगा हम उसको नहीं मानेंगे क्योंकि यह हमारी आस्था का प्रश्न है । मैं आपसे करबद्ध निवेदन करना चाहता हूं कि यह मुल्क का बहुत अहम सवाल हो गया है । जैसा मैंने पहले कहा था मुल्क जुड़ेगा या टूटेगा, मुल्क एक रहेगा या विघटित हो जाएगा इससे जुड़ा हुआ यह सवाल है । इसलिए आपसे हाथ जोड़ कर यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप आपस में मिल बैठकर इसको हल नहीं कर सकते तो जैसा भंडारी जी कह रहे हैं न्यायालय की बात तो न्यायालय की बात मानिए । उन सब मुद्दों को न्यायालय को दे दीजिए । हम सब सहमत हैं । हम सब जो धर्मनिरपेक्षता की बात करते हैं, आप जो धर्म निरपेक्षता की अपनी परिभाषा के अनुसार बात करते हैं हम सब इस पर सहमत हैं कि अगर न्यायालय इन मुद्दों पर निर्णय देता है तो उसे इस देश के मुसलमान मानेंगे, इस देश के हिंदू मानेंगे, इस देश का हर आदमी मानेगा । आप न्यायालय का आदेश मानने की बात कर रहे हैं तो न्यायालय ने जो आदेश दिए हैं उन्हें कहां तक आप मान रहे हैं ?

आपने भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत जिस भूमि को अर्जित किया है जो भी अर्जन अधिनियम की धारा को पढ़ लीजिये जब अनिवार्य तौर पर भू अर्जन किया जाता तो किसी विशेष उद्देश्य के लिए किया जाता है । इसमें आपने उल्लिखित किया है कि इस जमीन का अर्जन हम पर्यटन के विकास के लिए कर रहे हैं । आज भंडारी जी ने यह कहा जो जमीन अर्जित की गई है 2.7 एकड़ या जितनी भी अर्जित की गई है उस जमीन को उत्तर प्रदेश शासन ने विश्व हिन्दू परिषद् को दे दिया है । आप न्यायालय की बात कर रहे हैं । कानून की बात कर रहे हैं । कानून का स्पष्ट उल्लंघन है । आपने जिस उद्देश्य के लिए भू अर्जित की है उसके

[श्री अजीत जोगी]

अलावा किसी और उद्देश्य के लिए उसका उपयोग नहीं कर सकते । पर्यटन के विकास के लिए जमीन अगर अर्जित की गई है जैसा आपने अपनी रिपोर्ट में गृह मंत्रालय को कहा है तो उसके अलावा आप और किसी काम के लिए उसका उपयोग नहीं कर सकते । वहां के चीफ सेक्रेटरी साहब का एक शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश हुआ है जिसमें उन्होंने कहा है वहां कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा है केवल समतलीकरण हो रहा है । मैं यह पूछना चाहता हूं कि आपने भी, भाजपा के सदस्यों ने भी यहां पर स्वीकार किया है कि साक्षी गोपाल मंदिर तोड़ा गया, सुमित्रा मंदिर तोड़ा गया, संकट मोचन मंदिर तोड़ा गया । यह सब तोड़े गए तो क्या यह समतलीकरण है ? मंदिरों का तोडना समतलीकरण में नहीं आता । अभी कुछ दिन पहले हमने एक कानून बनाया था कि वर्ष 1947 के बाद जितने भी पूजा स्थल हैं उनका स्वरूप नहीं बदला जाएगा केवल राम-जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद को छोड़कर । पर आपने साक्षी गोपाल मंदिर तोड़ दिया, सुमित्रा मंदिर तोड दिए आपने संकट मोचन मंदिर तोड़ दिया और न जाने कौन-कौन से मंदिर तोड़ दिए । क्या वह कानून जो इस संसद ने सर्वानुमति से पारित किया था उस कानून का उल्लंघन आपने नहीं किया ? न्यायालय की मर्यादा की बात करते हैं, कानून की की मर्यादा की बात करते हैं उसका पालन आप बिल्कुल नहीं कर रहे हैं ।

मैं सदन के सामने स्पष्ट रूप से इनके दिल में क्या बात है वह बताना चाहता हू जिससे यह रिकार्ड में रहे । अभी इनकी सरकार दो साल तक उत्तर प्रदेश में रह चुकी है । यह सब जानते हैं पांच साल चलने वाली सरकार है, ऐसा मान रहे हैं । हम भी चाहते हैं । पांच साल चले । जो निर्माण कार्य चालू किया है इसको एक साल चलायेंगे । इसके बाद दो साल और निर्माण कार्य चलेगा । तब तक यह इस ढांचे को किसी तरह से छुयेंगे नहीं हम को आश्वासन देते जाएंगे कि हम इस ढांचे को नहीं छू रहे हैं । जब चारों तरफ से सब कुछ बन जाएगा तब यह कहेंगे जैसा अब कह रहे हैं या मेरे साथी प्रमोद महाजन जी कह रहे हैं यह ढांचरी मस्जिद नहीं यह राम जन्म भूमि राम लला का गर्भगृह है ।

श्री प्रमोद महाजन : यह पहले दिन से कह रहा हूं । और उस मंदिर के ढांचे को जब चारों तरफ से आप बना देंगे तो तब गर्भ गृह के ऊपर छत डालकर जोड़ने की बात कहेंगे और देश को यह कहना चाहेंगे कि हमने आपसे जो वायदा किया था वह मंदिर तो बन गया है । इस बारे में मैं माननीय मंत्री जी को आगाह करना चाहता हूं कि आज ये उस ढांचे को छूना नहीं चाहते हैं और हो सकता है कि उस ढांचे को अभी गिराना नहीं चाहते हैं । ये चाहते हैं कि किसी तरह से जब पांचवां साल आएगा तो उस समय ये हमारे सामने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर देंगे कि सब कुछ बन गया है, केवल गर्भ गृह को ढांचे से जोडना है जिससे पूरा राम मंदिर बन जाय । तीस साल की गारन्टी तो आप दे ही रहे हैं ।

श्री अजीत जोगी : मैं दे रहा हूं और आपको समझ रहा हूं । आप किस तरह से पूरे मुल्क को, देश को, पूरी संसद को, बेवकूफ समझ रहे हैं । लेकिन हम ऐसे बेवकूफ नहीं हैं । हम समझ रहे हैं कि आप किस तरफ बढ़ रहे हैं । इसलिए मैं यह रिकार्ड पर रखना चाहता हूं कि आप किसी मुगालते में मत रहिए । आपकी चाल को, आपके रंग को, आपके ढग को, हम सब समझते हैं । हम आपके अन्तर मन की अच्छी तरह से समझते हैं । आपकी चाल को हमारा शासन, हमारे गृह मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी सफल नहीं होने देंगे ।

मैं आपसे केवल यह निवेदन करना चाहता हूं कि आप इतिहास की बार-बार बात करते हैं और यह कहते हैं कि बाबर ने अत्याचार किया । मेरे दोस्तों, इतिहास सबक सीखने के लिए होता है, दोहराने के लिए नहीं होता है । अगर इतिहास में और पीछे जायेंगे तो न जाने कितनी बातें सामने आयेंगी । आप जानते हैं कि आर्य इस देश में आए तो द्रविडों के मंदिरों को उजाड़ा गया । कल्हण की

राजतरंगिणी को आपने पढ़ा होगा । काश्मीर में जब जैन धर्म का विस्तार हुआ तो हिन्दुओं के मंदिरों को तोड़ा गया । आपने यह भी पढ़ा होगा कि जब इस राष्ट्र में बौद्ध और जैन धर्म का विस्तार हुआ तो हिन्दुओं के मंदिर तोड़े गए । आपने यह भी पढ़ा होगा कि जब आदरणीय आदि शंकराचार्य जी ने हिन्दू धर्म का विजयध्वज किया तो दस हजार बौद्ध विहारों को तोड़ कर मंदिर बनाया गया । अगर आप इतिहास में जायेंगे तो पायेंगे कि इतिहास में न जाने कितनी भूलें हुई हैं । आप उनको अब सुधार नहीं सकते हैं । इतिहास दोहराने के लिए नहीं होता है, इतिहास सबक सीखने के लिए होता है ।

श्री चतुरानन मिश्र : इनका भी दस हजार मंदिरों का प्रोग्राम है ।

श्री अजीत जोगी : इनका कितने ही मंदिरों का प्रोग्राम हो, ये इतिहास की बातें करते हैं । मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि महमूद गजनवी पेशावर से सोमनाथ कैसे पहुंच गया जहां से इन्होंने अपनी रथ यात्रा निकाली थी ? केवल अपने चार सौ घुड़सवारों के साथ यह इतनी दूर तक कैसे पहुंच गया ? क्या रास्ते में हिन्दू राजाओं ने उसकी मदद नहीं करी थी । बाबर कैसे इतनी दूर पहुंच गया ? क्या हिन्दू राजाओं ने उसकी मदद नहीं करी थी ? इसलिए इस प्रकार से इतिहास में मत जाइए । इतिहास सबक सिखने के लिए होता है ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष महोदया, आप मुझे ज्यादा समय नहीं दे रही हैं । मैं केवल दो चार बातें ही कहना चाहूंगा । एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो यह कहते हैं कि धर्म और सियासत को अलग किया जाना चाहिए । मैं उन लोगों में से हूं जो जो यह मानते हैं कि हर आदमी को सियासत अपने धर्म के अनुसार करनी चाहिए । हिन्दू अगर हिन्दुत्व को समझता है तो हिंदू धर्म के अनुसार सियासत करे और मुसलमान अगर इस्लाम को समझता है तो इस्लाम के अनुसार सियासत को करे और अगर ऐसा करेगा तो जोड़ने की बात करेगा । राधाकृष्णन जी ने कहा था कि धर्म क्या है ?

"that which integrates is *Manna* and that wrich disintegrates is *adhtrma."*

जो आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है वह धर्म है, जो जीव को सजीव से जोड़ता है, वह धर्म है । जो हिन्दू को मुसलमान से जोड़ता है वह धर्म है । जो हिन्दू को सिख, पारसी, जैन से जोड़ता है वह धर्म है । आप जो बात कर रहे हैं वह तोड़ने की बात कर रहे हैं । संसद के प्रवेश द्वार से आप रोज प्रवेश करते हैं । वहां पर ऋग्वेद का एक श्लोक लिखा हुआ है । मैं मानता हूं कि हिंदुत्व की परिभाषा को हमारे संविधान बनाने वालों ने सोच समझकर इस संसद के मुख्य द्वार पर लिख दिया है । उसको आप याद कीजिए ।

"

अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।।

जो कहता है कि मैं मैं हूं, तू तू है, वह हिन्दू नहीं है । जो कहता है कि मैं हिन्दू हूं, तू मुसलमान है, वह हिंदू नहीं है । यह ऋग्वेद कह रहा है, अजीत जोगी नहीं कह रहा है । जो यह कहता है कि तू हिन्दू है, मुसलमान है, ईसाई है, सिख है, पारसी है, वह हिंदू नहीं है । हिन्दू तो ईश्वर से हाथ जोड़कर कहता है कि हे ईश्वर, इस वसुधा में पैदा होने वाला एक एक व्यक्ति मेरे कुटुम्ब की तरह है, मेरी माता की तरह है । मेरे पिता की तरह, मेरे भाई की तरह, मेरे बहन की तरह है । अगर एक हिन्दू एक एक मुसलमान को इस तरह मानता है, जो ऐसा समझता है वही हिन्दू है । हिन्दुत्व की परिभाषा संसद के मुख्य द्वार पर आप रोज पढ़ते हैं । यह ऋग्वेद की, आदिशास्त्र की वेदवाणी है । इसको कृपया समझिये, यह मेरा आग्रह है । यदि हम हिन्दुत्व की सही परिभाषा समझेंगे, धर्म की सही परिभाषा समझेंगे, इतिहास से सही सबक लेंगे और न्यायालयों के आदेशों को सही मानेंगे तो इस देश को हम सही रास्ते पर ले जायेंगे नहीं तो इस देश को हम सही रास्ते नहीं ले जा पायेंगे, ऐसा कह कर मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

SHRI T1ND1VANAM G. VENKATRAMAN (Tamil Nadu); Madam Vice-Chairman, from a perusal of the statement by the hon. Home Minister, we are able to cull out two central points. Number one is that the Home

Shri Tindivanam G. Venkntraman]

Minister had made a number of requests to the Chief Minister of Uttar Pradesh to put a halt to the building construction at Ayodhyn. Number two is that in spite of his requests that construction is going on. And it is nothing but creating a bad precedent. And in a way, we can say that the Home Minister is expressing his inability to act upon he does not know what to do next. That is all I could gather from reading this statement. He has also clearly state, and the fact also remains that there is a court proceeding, and the court has granted a stay that nothing should be constructed until the disposal of the case. In spite of at, the construction is going on. Our Home Minister has stated in clear terms that, *"prime jacie,* I find there is a flagrant violation of the court order." What more is required. Madam? He had been there. And under his very nose, the construction is going on for the past three or four days. And it is How going to be completed That else will be there? All the Members here are agitated rightly from the fust day of the session. Evcybcdy said that he must do something. The construction is going on there, and it will certainly cause great damage to the country as such and also to the national interest. So, we are able to read in between the lines. He has no* corae before the House expressing this inability to further act in the matter.

Madam, we are all awaiting tomorrow's judgement in this case. Anyway, I could only submit that it is a challenge as to who is powerful. It should be viewed in that manner only. The vishwa Hindu Parishad and also the Bhajrang Dal are building it, and they are managing the construction of that platform. Where is the urgency for the platform now, Madam, unless they want to finish it before the Court gives its judgment? Otherwise, Madam, if they want the Court to decide it, and if they are sure about their case, where is the hurry to put up this structure? It will be like creating a bad precedent. A truant student has to be brought to proper discipline. I think, this will set a bad precedent to all the States and it must be curbed. The earlier, the better; better late than never. Therefore, ths Central Government, at any rate, can now say, "we are taking possession of the disputed land" in spue of the fact that it may even be a a flagrant violation when the court is seized of the matter. But. to avoid the communal troubles and all that, and also in the national interest, the disputed land should be taken over by ihc Central Government. From the statement, it is also clear that the Chief Minister is not able to give satisfactory answers to all the vital questions put by the Home Minister. What does it mean? ft does not mean that the Chief Minister does not understand the question. He does not want to reveal his mind. He says that he is supporting the claim of the VHP and also the pea-pie who are doing the construction. Therefore, my only appeal to the Home Minister is to take possession of the land. Till the dispute is settled by the court, let it be with the Central Government

डा० अबरार अहमद : मेडम, सुबह से जो चर्चा चल रही है यह चर्चा या विवाद किसी कानून का और नियम का विवाद नहीं है, यह नीयत का विवाद है । अगर किसी की नीयत साफ है या किसी की मंशा ठीक है तो विवाद के उत्पन्न होने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता । इस विवाद की जो नींव है वह नीयत पर है, मंशा पर है । अयोध्या में क्या हो रहा है, इसके बारे में हम कुछ कहें, भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य कुछ कहें, वह आज यहां कहने की बात नहीं है । आज सारा देश अपनी आंखों से दूरदर्शन के माध्यम से देख रहा है, कुछ लोगों ने वहां जा कर के देखा है कि वहां क्या हो रहा है । इसको आज यहां अलग-अलग तरह से रखा जाए, महोदया, इस संबंध में मैं यह कहना चाहूंगा कि किसी मंदिर के बनने से यह देश चलने वाला नहीं है, किसी मस्जिद के गिरने से यह देश खत्म होने वाला नहीं है । यह तो एक भावनात्मक सवाल है जिस भावनात्मक सवाल का राजनीतिकरण कर दिया गया है और राजनीतिकरण करके इस देश को जलने के लिए आग में

झोंक दिया गया है । राजनीतिक लाभ लेने के लिये इस सवाल को जिन्दा रखा जा रहा है, इस सवाल को टाइम टू टाइम ताजा किया जाता है। महोदया, जब हम इस सदन में आते हैं या कोई भी व्यक्ति किसी भी देश के सदन में या सरकार में जाता है, तो सबसे पहल यह हलफ उठाता है, संविधान की सौगंध खा कर यह कहता है कि मैं देश की एकत और अखंण्डता को अक्षुण्ण रखूंगा । आज मैं आपक माध्यम से यह सवाल यू.पी. सरकार से पूछना चाहता हूं कि जो हलफ उठा कर के वह सरकार में बैठ है, क्या जो कुछ वह कर रहे हैं, वह देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण करने का कार्य है ? क्या उससे देश की एकता और अखण्डता मजबूत होगी या देश मन्दिर और मस्जिद के अन्दर तकसीम होगा, उससे देश की एकता और अखण्डता को खतरा पहुंचगा ? जो बात आज सब के सामने है, सारे देशवासियों के सामने है, जिस तरह से देश को मन्दिर और मस्जिद में बाटने का षड्यन्त्र चल रहा है, उस षड़यंत्र को रोकना होगा । आज सुबह से भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा बार-बार कोर्ट की दुहा दी गई, कोर्ट का निर्णय मानने की व त की गई, कोर्ट में उनके हक में फैसला देने की बात की गई । लेकिन मैं आप के माध्यम से एक सवाल पूछना चाहता हूं । आज से पांच रोज पहले जो निर्माण कार्य अयोध्या में प्रारंभ हुआ था, क्या कोर्ट का यह निर्णय नहीं था कि विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का स्ट्रक्चर, किसी भी प्रकार का ढांचा, किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं किया जाए ? यदि उस समय यह कोर्ट का फैसला था तो कोर्ट की दुहाई देने वालों ने कैसे उस भूमि पर यह निर्माण कार्य प्रारंभ किया मैं महोदया उसी पार्टी के बड़े नेता, मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन शिखर के दो तीन नेता हैं **(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : बोलिए ।

डा० अबरार अहमद : आप कहते हैं लेता हूं । अटल बिहारी वाजपेयी जी कहते हैं कि कोर्ट में केस 1949 से चल रहा है, कब तक इसकी प्रतीक्षा करेंगे । आडवाणी जी कहते हैं कि हमें मंदिर बनाने के लिए मेनडेट मिला है, हम कोर्ट के फैसले को मानने के लिए बाध्य नहीं है । सुबह भंडारी जी बड़ी अच्छी बातें बोल रहे थे लेकिन माननीय गृह मंत्री जी ने उनसे एक सवाल पूछा कि आप एक बात का स्पष्टीकरण कर दीजिए कि जहां पर निर्माण कार्य हो रहा है क्या वह विवादितस्थल का हिस्सा नहीं है । तो यह फौरन बौखला गये और बौखला करके उन्होंने यह सदन में कह दिया कि वहां तो मंदिर बनना है और हम मंदिर बना कर के रहेंगे । जो कोर्ट को दुहाई देने वाले लोग है अगर उनके हक में कोर्ट फैसला देता है जैसे अभी लखनऊ हाई कोर्ट का फैसला हुआ है, एक अधूरा फैसला पहले हुआ था जिसकी पूरे फैसले की तारीख कल है तो कोर्ट की दुहाई देने वालों के खिलाफ जब कोर्ट फैसला देता है तो वह कह देते हैं कि हम कोर्ट की बात मानने के लिए बाध्य नहीं हैं । कोर्ट की बात नहीं मानेंगे । इस तरह से दो तरफा बात करने वाले दो तरह की चाल चलने वाली बात आज सारे देश के सामने है । वह सिद्धांत की बात करना चाहते हैं लेकिन अपने स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए, अपना मतलब सिद्ध करने के लिए वह दूसरे तरीके भी अपनाना चाहते हैं । महोदया, जहां तक लैंड का सवाल है जो लैंड एक्वायर की गई थी उस लैंड को क्या यूज हो, इसके बारे में सुबह से यहां चर्चा हो रही है । जो एक्वायर्ड लैंड है, वह डिस्प्यूटेड है । उसको एक्वायर के लिए लिया गया था और वह बहुत अच्छी तरह से जानते हैं लेकिन जो निर्माण कार्य हो रहा है, जिस प्रकार का कंस्ट्रक्शन वहां हो रहा है, क्या वह उसको वैध समझते हैं, क्या उसको ठीक समझते हैं ? मैं तो नहीं मानता हूं । मात्र मजदूरी करने के अलावा मैं इसे और कुछ भी नहीं कह सकता हूं क्योंकि वह जानते हुए भी इस बात की बहस कर रहे हैं । वे जान रहे हैं कि हम गलत कह रहे हैं, वे जान रहे हैं कि हम गलत बता रहे हैं, वे जान रहे हैं कि संविधान के खिलाफ कर रहे हैं,

[डा0 अब्दार अहमद]

कानून के खिलाफ कर रहे हैं उसके बाद भी अगर मुहजोरी करते है तो उस चीज का यहां कोई जवाब नहीं होता है ।

अभी यहां अजीत जोगी कह रहे थे और मैं भी आप के माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि यह मसला सिर्फ विवादात्मक स्थल पर जो निर्माण हो रहा है उस तक सीमित न रखा जाए बल्कि अभी दो महीने पहले उन्होंने जो मंदिर तोड़े हैं--जबकि हमारे देश के अंदर यह कानून पास हो चुका है, हमने यह कानून पास किया है कि 1947 में जो धर्मस्थल जैसा था उसको वैसे ही रखा जाएगा, उसके बाद भी वहां यू० पी० सरकार ने मंदिर तोड़े, कानून का उल्लंघन किया और इसके संबंध में एक कमेटी वहां पर गई तथा उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी, तो इस बात को मद्देनजर रखा जाए और इस चीज का भी फैसला किया जाए कि जिस यू० पी० की सरकार ने खुले रूप से कानून का उल्लंघन किया है उस यू० पी० सरकार के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन हो ।

माननीय गृह मंत्री जी के वक्तव्य में एक बात कही गई है कि वहां पर 3 कंपनियां पी० ए० सी० की लगी हुई है और 5 दूसरी कंपनियां भेजने की पेशकश माननीय गृह मंत्री जी ने वहां के मुख्य मंत्री से की जिसके लिए उन्होंने कहा कि अभी उसकी कोई आवश्यकता नहीं है । उपसभाध्यक्ष महोदया, इस सदन के अंदर कई बार पी० ए० सी० के रोल पर चर्चा हुई है । यह आज से नहीं कई वर्षों से है । जब जब भी यू० पी० के अंदर किसी प्रकार का कोई झगड़ा हुआ है या साम्प्रदायिक तनाव हुआ है तो पी० ए० सी० की क्या भूमिका रही है वह किसी से छिपा हुआ नहीं है । मैं आप के माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी को तवज्जह चाहूंगा । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से यह कह रहा था कि आपके वक्तव्य में वहां पर पी० ए० सी० की 3 कंपनियां उत्तर प्रदेश सरकार ने लगाई है ऐसी बात कही गई है और आप ने दूसरी कंपनियों और अर्ध सैनिक बल देने के बारे में पेशकश वहां के मुख्य मंत्री से की जिसके लिए उन्होंने मना कर दिया । माननीय गृह मंत्री जी, पी० ए० सी० की भूमिका उत्तर प्रदेश में किस प्रकार की रही है । जब जब भी कभी साम्प्रदायिक तनाव हुआ है या किसी प्रकार का झगड़ा हुआ है तो उसमें पी० ए० सी० का रोल आप से छिपा हुआ नहीं है । मैं आप से यही कहना चाहूंगा कि पी० ए० सी० के भरोसे उत्तर प्रदेश की जनता को या उत्तर प्रदेश के लोगों को छोड़ना नाइन्साफी होगी । अतः इस पर आप ध्यान दें, पूरी तरह से तवज्जह दें और वहां दूसरे अर्ध सैनिक बलों को भेजें ।

अंतिम बात मैं इस संबंध में कहना चाहता हूं कि जिस राजनीति से ऊपर ये मंदिर और मस्जिद की बात करके यह राजनैतिक स्वार्थ पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है । माननीय सदस्य श्री अजीत जोगी जी ने जो यह बात कही वह बिल्कुल सही है । महोदया, मैं उसी तरह आपका तवज्जह दिलाते हुए आपको बताना चाहूंगा कि मैंने भी जयपुर के अंदर अभी कुछ दिनों पहले जब वहां थोड़ा सा साम्प्रदायिक तनाव था तो सर्व धर्म प्रार्थना बुलायी थी । उसके अंदर बड़े से बड़े कुरान के जानने वाले जो मौलवी थे उनको मैंने बुलाया बड़े से बड़े गीता के ज्ञाता जो पंडित थे उनको मैंने बुलाया, बड़े से बड़े गुरु ग्रंथ साहब के जानने वाले जो सरदार साहब थे उनको मैंने बुलाया और बड़े से बड़े बाइबिल के जो जानने वाले थे उनको भी बुलाया । उन सबसे मैंने पूछा कि क्या ये धर्मग्रंथ यह कहते हैं कि हमें आपस में लड़ना चाहिए, एक दूसरे को कत्ल कर देना चाहिए, एक दूसरे की सम्पत्ति को जला देना चाहिए । तो उन सबने एक स्वर में कहा कि कुरान में जो पैगाम है वह सिर्फ मुसलमान के लिए नहीं है, गीता में जो संदेश है वह सिर्फ हिन्दुओं के लिए नहीं है, गुरु ग्रंथ साहब में जो बात कही गयी है वह सिर्फ सिक्खों के लिए नहीं है और बाइबिल में जो बात कही गयी है वह सिर्फ क्रिश्चियनों के लिए नहीं है । उन्होंने कहा कि कुरान ने जो बात कही है, गीता

ने जो बात कही है, गुरु ग्रंथ साहब ने जो बात कही है या बाइबिल ने जो बात कही है तो उनके अंदर इन्सानियत का पैगाम दिया है, इन्सानियत का संदेश दिया है । एक दूसरे आदमी को कैसे काम आना चाहिए, एक दूसरे की कैसे मदद करनी चाहिए, अगर रोटी एक है तो कैसे आधी आधी बांटकर खानी चाहिए, अगर दो गज कपड़ा है तो किस तरह से बांटकर पहनना चाहिए, एक दूसरे की दुख तकलीफ में किस तरह से काम आना चाहिए यह बात कही गयी है । तो जो लोग धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाते हैं, वास्तव में धर्म क्या कहता है यह उनको नहीं बताकर मस्जिद और मन्दिर के नाम पर वे तकसीम कराना चाहते हैं । आज आवश्यकता है उनके चेहरों से नकाब उठाने की, उनके चेहरे को नंगा करने की और लोगों को यह बताने की कि ये धर्म के नाम पर जो लड़ाई कर रहे हैं यह राजनैतिक लाभ लेने के लिए कर रहे हैं, धर्म के लिए नहीं कर रहे हैं ।

तो अंत में मैं माननीय गृह मंत्री जी से यह आग्रह करना चाहूंगा, यह निवेदन करना चाहूंगा कि जो यह मामला है जो यह विवाद है उसका स्थायी हल निकालें और जो लोग कानून का उल्लंघन कर रहे हैं, संविधान का उल्लंघन कर रहे हें, नियमों को तोड़ रहे हैं, दूसरों को गुमराह करना चाह रहे हें, संसद को गुमराह कर रहे हें. उनके खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लें । धन्यवाद ।

SHRI G. SWAMINATHAN: Madam Vice-Chairman, on 10th morning some of the party leaders had an opportunity meet the Home Minister and had a iscussion on this dispute. At that time it was not very clear either to us or to the Rome Minister whether ths construction in Ayodhya was going on on a disputed land or not. In that meeting of party leaders, two views were prevailed on the Home Minister. One group said that you should immediately act. Since it is more or less certain that the construction was going on on the disputed site, action has to be taken immediately. The other group of party leaders pointed out that the Home Minister should himself be certain whether the construction was going on on a disputed site or not. And then the Home Minister said that he would like to take some time, he had requested the hon. Chief Minister of U. P. to meet him. After having a discussion with him, he will try to find out whether the construction was going on on a disputed site or not.

Now, Madam, hon. Home Minister in his statement says (hat after having discussions with the Chief Minister he has gone to Ayodhya. The Home Minister has said in the statement that there was a *prime facie* case that the construction violated the court orders. Here, one of the hon. Members from the Congress side. was saying that the Home Minister did not go to the actual site. I was under the impression that the hon. Horns Minister had gone to Ayodhya to visit the actual site of construction. Otherwise, what was the need of going all the way to Ayodhya? I am not very clear whether the hon. Home Minister visited the actual site or not but I am very much clear that there is a *prima facie* case and on the basis of that finding of the hon. Home Minister there is a discussion taking place in this House. Now is this House twofold action has been suggested. Hon. Member from the treasury Benches, Shri Kalmadi, suggested that the U. "P. Government shall be dismissed forthwith. Another hon. Member from Tamil Nadu, not belonging to my party, advocated that the disputed site be taken over by the Central Government, it should be acquired by the Central Government. I think that was the point also echoed by many other Members. As far as T am concerned, I am not able to agree with both the views. T am also sure that action has to be taken, but regarding the two recommendations. I am not able to think in unison with them. I wish to inform the Home Minister that, it so happened, that I had a discussion on this issue with a retired Justice of High Court who had a long innings in Delhi. I asked him whether the Government of India could acquire the properly which had already been acquired by the State.

[Shri G. Swaminathan]

He cited one case where Justice Suhba Roa has given a judgement. He also took out and gave me tne judgement by Justice C.L. enkataramaiah in AIR 55, Supreme Court page 298, 2304. This is the case of the Collector of Bombay versus one N.C.L. Sarjwani where it has been stated that the State Government cannot acquire its own land. I also asked him whether the Government of India could acquire land which had been taken over by the State Government *(Interruptions).* I am not a lawyer. Contrary to this position has been advocated by the Janata Dal party. In that meeting the former Prime Minister, Shri V. P. Singh, was also present and he also held this view.

Since the Ex. Justice of the High Court who had a long innings in Delhi hold a different view. I feel, what he has said also needs to be considered

I do not say that it is a final view, you may have your own legal opinion in the matter.

While referring to the judgement he said, once a properly has been acquired by a State Government it becomes a State property. That State property has been leased out to somebody. I do not know to whom it has been leased out. Now you are advocating that the Central Government should acqirre the property. Now the Central Government is also the State. The State can acquire the, property belonging to a citizen only. I am not aware whether one State can acquire the property belonging to another State. I am also not clear whether a State and a State makes any difference and what is the difference between the State Government and the Central Government in this context?

4.00 P. M.

He says there is no difference because State is a State whether it is the Centre or a State, and there is no position for you to acquire the property belonging to that. That is one position.

